

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 2 जनवरी 2026 ■ पौष शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-274 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 3 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## हमें कोई नहीं बताएगा, जैसे चाहेंगे वैसे अपनी रक्षा करेंगे: जयशंकर

**नई दिल्ली,2 जनवरी।** भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर 'पड़ोसी' को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने साफ किया है कि हमारी सुरक्षा हम जैसे चाहेंगे, वैसे करेंगे। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे अन्य पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों पर भी खुलकर बात की। हाल ही में जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ढाका पहुंचे थे।

आईआईटी मद्रास के एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, 'मैं दो दिन पहले ही पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बांग्लादेश गया था। लेकिन मोटे तौर पर पड़ोस के प्रति हमारा रवैया कॉमन सेंस पर आधारित है।' उन्होंने कहा कि अच्छे पड़ोसियों के साथ भारत निवेश करता है, मदद करता है और साझा करता है। उन्होंने यूक्रेन संकट के दौरान कोविड के खिलाफ वैक्सीन, ईंधन और खाद्य मदद का जिक्र किया। साथ ही श्रीलंका को आर्थिक संकट के दौरान की गई मदद



की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए भारत की ग्रोथ बढ़ती हुई लहर है। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकांश पड़ोसी मानते हैं कि अगर भारत बढ़ता है, तो उसके साथ हम भी बढ़ेंगे।जयशंकर ने कहा, 'आपके पास ऐसे पड़ोसी भी हैं और दुर्भाग्य से हमारे पास हैं। ... अगर कोई देश फैसला करता है कि वह जानबूझकर, लगातार और पश्चाताप के बगैर आतंकवाद बढ़ाना जारी रखेगा, तो हमारे पास आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। और हम इस अधिकार का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह हम तय करेंगे। कोई हमें यह नहीं कह सकता कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। हमें खुद की रक्षा के लिए जो करना होगा, हम करेंगे। यह कॉमन सेंस है।' उन्होंने कहा, 'कई सालों पहले हम पानी साझा करने के लिए एक समझौते पर सहमत हुए थे, क्योंकि हमारा मानना था कि यह सद्भावना का संकेत है, क्योंकि एक अच्छे पड़ोसी के तौर पर हम ऐसा कर रहे थे। लेकिन अगर आप दशकों तक आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, तो अच्छे पड़ोसी की भावना नहीं रह जाती है। अगर अच्छे पड़ोसी का भाव नहीं है, तो आपको अच्छे पड़ोसियों वाला फायदा नहीं मिलेगा।'उन्होंने कहा, 'आप यह नहीं कह सकते कि प्लीज हमारे साथ पानी शेयर कीजिए, लेकिन हम आतंकवाद को जारी रखेंगे। यह बात हमें मंजूर नहीं है।'

## भूपेश बघेल बड़े नेता हैं, नहीं होनी चाहिए ऐसी भाषा:गृहमंत्री

**रायपुर,2 जनवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उप मुख्यमत्री अरुण साव की तुलना बंदर से किए जाने पर एक के बाद एक मंत्रियों के बयान सामने आ रहे हैं. टंकराम वर्मा के बाद अब उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि बड़े नेता हैं, ऐसी भाषा नहीं होनी चाहिए. शब्दों की एक सीमा होती है, इसे समझना चाहिए. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भूपेश बघेल के बयान पर मीडिया से चर्चा में कहा कि जैसे उन्होंने भाषा की सीमा नहीं समझी, वैसे ही उन्होंने भ्रष्टाचार में भी सीमा नहीं समझी, ऐसा भ्रष्टाचार किया जो कहीं नहीं हुआ. उन्होंने भ्रष्टाचार में भी नवाचार किया. उनके परिवार के किसी पर टिप्पणी की जाए तो उन्हें भी अच्छा नहीं लगेगा. हमारी पार्टी में गिरे हुए को उठाने का काम किया जाता है, खुद गिराने का काम नहीं करते हैं. नक्सली बारसे देवा और उसके 16 साथियों के तेलंगाना में आत्मसमर्पण की आ रही खबरों पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आधिकारिक पुष्टि के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी.वहीं कांग्रेस कार्यकारिणी का अब तक नहीं गठन नहीं होने पर विजय शर्मा ने कहा



कि दीपक बैज कांग्रेस के सक्रिय नेता हैं, अच्छा काम कर रहे हैं. संगठन का विषय है, लेकिन उनकी टांग कितनी खींची गई है, यह देखना होगा. पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जल्द लागू होगी. तैयारियां लगभग पूरी है. अधोसंरचना का पूर्वावलोकन किया जा चुका है. 23 जनवरी से इसकी शुरुआत होगी.

## संक्षिप्त-समाचार

### राज्य में दो लाइमस्टोन ब्लॉकों की नीलामी रद्द

*__रायपुर 2 जनवरी.__खनिज संसाधन विभाग ने जानकारी दी है कि राज्य में दो चूना पत्थर (लाइमस्टोन) ब्लॉकों की नीलामी की पहली प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया है।विभाग के अनुसार जिन खनिज ब्लॉकों की नीलामी निरस्त की गई है उनमेंभिकुरिया–छंता चूना पत्थर ब्लॉक एवंजगमदवा–हनईबंध मरदकठेरा चूना पत्थर खनिज ब्लॉक शामिल है।यह निर्णय खनिज नीलामी से जुड़े नियमों और निविदा की शर्तों के तहत लिया गया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि इसका उद्देश्य नीलामी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और नियमों के अनुरूप रखना है।खनिज संसाधन विभाग ने बताया कि आगे इन खनिज ब्लॉकों के संबंध में नियमानुसार नई प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसकी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।*

### भोजन और स्वास्थ्य का प्रलोभन देकर धर्मांतरण

*__बिलासपुर।__ धर्मांतरण का ताजा मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र के जोंधरा गांव का है. जहां से धर्म परिवर्तन कराए जाने का मामला सामने आया है. सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार, पचपेड़ी थाना क्षेत्र के जोंधरा गांव में नए साल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था. इसमें लोगों को भोजन और स्वास्थ्य का प्रलोभन देकर बुलाया गया था. इस दौरान लोगों का धर्मांतरण भी कराया जा रहा था. ग्रामीणों को इसकी खबर लगने के बाद पुलिस को सूचना दी गई. ग्रामीणों की शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने मामले में संबंधित पास्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. अधिकारियों का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.*

### अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, 1 की मौत

*__गरियाबंद,2 जनवरी।__ नए साल की खुशियां गरियाबंद जिले के एक परिवार के लिए मातम में बदल गई. देवभोग थाना क्षेत्र के सरदापुर स्थित आईटीआई कॉलेज के पास फिर सड़क दुर्घटना सामने आई. 2 दोस्तों की बाइक अनियंत्रित बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई. हादसे में जामगांव निवासी पप्पू नागेश (22 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कदलीमुड़ा निवासी ओंकार नागेश (24 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार दोनों युवक CG 23 N 8062 क्रमांक की गाड़ी से घूमकर घर लौट रहे थे, इसी दौरान आईटीआई कॉलेज के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसा इतना जबरदस्त था कि पप्पू नागेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं गंभीर रूप से घायल ओंकार नागेश को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग लाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है. पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. कोतवाली टीआई फैजुल शाह ने बताया कि सूचना के बाद टीम जांच में जुटी है. अज्ञात वाहन की टक्कर से की संभावना है. 1 शव बरामद और 1 घायल हुआ है.*

## इस्लामी टोपी वाला वीडियो देख भड़क गए जावेद अख्तर

**मुंबई,2 जनवरी।** मशहूर गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने अपने खिलाफ फैलाए जा रहे एक फर्जी 'डीपफेक' वीडियो पर कड़ी नाराजगी जताई है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक AI जेनरेटेड एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्हें सिर पर टोपी पहने दिखाया गया है और दावा किया गया है कि वे अब आस्तिक हो गए हैं। जावेद अख्तर ने शुक्रवार को एक्स पर इस फर्जी वीडियो को सिरे से खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस मामले में कानूनी कार्रवाई और साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। वीडियो में दावा किया गया था कि जावेद अख्तर ने आखिरकार "खुदा की राह" अपना ली है। इस पर उन्होंने लिखा, "यह पूरी तरह बकवास है।" उन्होंने कहा कि वे इस फर्जी खबर को बनाने और फैलाने वालों को कोर्ट में घसीटेंगे क्योंकि इससे उनकी प्रतिष्ठा और



विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा है। आपको बता दें कि हाल ही में दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में जावेद अख्तर और इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती शमाइल नदवी के बीच 'क्या ईश्वर का अस्तित्व है?' विषय पर एक गंभीर बहस हुई थी। माना जा रहा है कि इसी चर्चा के बाद उनके विचारों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए यह डीपफेक वीडियो बनाया गया। जावेद अख्तर अकेले ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो तकनीक के इस गलत इस्तेमाल से परेशान हैं। हाल के दिनों में कई अन्य सितारों ने भी अपनी आवाज उठाई है। कुछ दिनों पहले, भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी उन AI जेनरेटेड तस्वीरों की आलोचना की थी जिनमें उन्हें संसद के बाहर साड़ी के बजाय पेंट-सूट में दिखाया गया था। उन्होंने इसे अपनी निजता का उल्लंघन बताते हुए कहा कि यह तय करना उनका अधिकार है कि वे क्या पहनना चाहती हैं।




**दंतेवाड़ा.** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के एक दिवसीय दंतेवाड़ा जिले के प्रवास पर स्थानीय कारली हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल भी आए। इस दौरान वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला दंतेवाड़ा श्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती ओजस्वी मण्डावी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और बस्तर आईजी श्री सुन्दरराज पी, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसपी श्री गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, डीएफओ श्री सागर जाधव तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया।

## हेलमेट के साथ बांटी ज़िंदगी की सीख

**गरियाबंद,2 जनवरी।** जहां आमतौर पर ट्रैफिक पुलिस का नाम सुनते ही चालान और कार्रवाई की छवि सामने आती है, वहीं गरियाबंद पुलिस ने एक अलग और




सराहनीय पहल कर मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। 29वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गरियाबंद पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर चालान नहीं, बल्कि गुलाब का फूल देकर हेलमेट पहनने की अपील की। हेलमेट पहनने वालों को 'थैंक यू', न पहनने वालों को मुफ्त हेलमेटपुलिस के डर से नहीं, अपनों की खातिर पहनें हेलमेट- डीएसपी लितेश सिंहयुवाओं को दी गई जीवन की सीख, माता-पिता से भी अपील एसपी वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर चला अभियान गुलाब ने तोड़ा डर, भरोसे ने जोड़ा रिश्ता शुक्रवार को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस ने बाइक चालकों से विनम्रता के साथ कहा– "पुलिस के डर से नहीं, अपनी जान और अपनों की खुशियों के लिए हेलमेट पहनिए।"इस अनोखे अंदाज़ ने लोगों का दिल जीत लिया और देखते ही देखते माहौल मुस्कान और भरोसे से भर गया। सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन डीएसपी लितेश सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने रायपुर रोड, पुराने एसपी कार्यालय के सामने विशेष अभियान चलाया। हेलमेट पहनकर वाहन चला रहे लोगों को गुलाब का फूल भेंट कर "थैंक यू" कहा गया, जबकि बिना हेलमेट पकड़े गए युवाओं को मौके पर ही हेलमेट पहनाया गया। कुछ जरूरतमंद चालकों को मुफ्त हेलमेट भी वितरित किए गए। डीएसपी लितेश सिंह ने कहा–"हमारा उद्देश्य चालान काटना नहीं, जीवन बचाना है। हेलमेट एक छोटा सा सुरक्षा कवच है, जो सड़क हादसों में अनमोल जान बचा सकता है।"

## महिलाओं ने जंगल में नष्ट की अवैध शराब और भट्ठियां

**कोरबा,2 जनवरी।** पर्यटन स्थल सतरेंगा में नव वर्ष पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही अवैध महुआ शराब की बिक्री और इससे होने वाली अशांति भी बढ़



गई है। इसे देखते हुए स्थानीय महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने पहले ही क्षेत्र में नशाबंदी लागू कर रखी है। हाथों में डंडे लिए महिलाओं को देखकर अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने में जुटे लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद महिला समिति ने जंगल में छिपाकर रखी गई भट्टियों और तैयार की जा रही अवैध शराब को खोज-खोजकर नष्ट किया। महिलाओं ने भट्टी में चढ़ी शराब को भी मौके पर ही बहा दिया। महिला समिति का कहना है कि सतरेंगा एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनता जा रहा है और यहां किसी भी तरह की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि नशाबंदी का सख्ती से पालन कराया जाएगा और अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद गांव में शांति व्यवस्था को लेकर सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है। सतरेंगा निवासी गोमती बाई ने बताया कि पर्यटन स्थल पर काफी लोगों का आना-जाना है, लेकिन अवैध शराब की बिक्री से माहौल खराब हो रहा है। यहां मारपीट और गाली-गलौज जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन अंकुश नहीं लग पा रहा है।

## कोपरा जलाशय में मछली मारने पर लगा प्रतिबंध

**बिलासपुर।** रामसर साइट घोषित होने के बाद कोपरा जलाशय में मछली मछली मारने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर मछलीपालन विभाग द्वारा इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं। मालूम हो कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केंद्रीय सरकार द्वारा बिलासपुर शहर के नजदीक कोपरा जलाशय को एक माह पहले रामसर साइट घोषित किया गया है। बड़ी संख्या में देशी और विदेशी पक्षियों का यह



बसेरा है। बड़ा लुभावना दृश्य शीतकाल में यह तालाब बिखेरता है। मछलीपालन विभाग ने आसपास के ग्रामों में मछली मारने की मनाही संबंधी सूचना की मुनादी कराया है। प्रमुख रूप से इनमें सैदा , बेलमुंडी, कोपरा, सकरा, बूटेना, अमसेना, बहुतराई, पाड़ एवं सरसेनी के सरपंचों को भी इसकी सूचना से अवगत कराकर मछली मारने पर विभाग को सूचित करने कहा गया है। मछली मारते पकड़े जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पीएमश्री स्कूल में पागल कुत्ते ने छात्र और शिक्षिका को काटा

**बिलासपुर,2 जनवरी।** सरकंडा क्षेत्र के खमतराई स्थित पीएम श्री स्कूल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पागल कुत्ता स्कूल परिसर में घुस आया और लोगों पर हमला कर दिया। इस घटना में पहली कक्षा का एक मासूम छात्र और एक शिक्षिका घायल हुई है। घटना के बाद स्कूल में दहशत का माहौल है। नकारी के अनुसार, कुत्ते के हमले से घायल छात्र और शिक्षिका को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि खमतराई और आसपास के इलाकों में पागल और आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। अब तक कुत्तों के हमलों में करीब 10 लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर निगम सिर्फ आश्वासन देता रहा, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कदम नहीं उठाया गया। गौरतलब है कि सरकार द्वारा स्कूल परिसरों में कुत्तों की निगरानी की जिम्मेदारी शिक्षकों को सौंपी गई थी, लेकिन विडंबना यह है कि अब शिक्षक खुद ही आवारा और पागल कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं। इसके चलते इस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए। स्कूल परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस नीति और कार्रवाई अमल में लाई जाए।



## उप मुख्यमंत्री ने बांटी हॉकी किट

**रायपुर. 2 जनवरी.**उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने बेंग्लुरू स्थित साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में परफॉर्मेंस असेसमेंट के लिए चयनित खिलाड़ियों को हॉकी किट प्रदान किया। उन्होंने आज नवा रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय में गोलकीपर अल्फाज खान को गोलकीपिंग का संपूर्ण किट तथा फॉरवर्ड पोजिशन में खेलने वाली मधु सिदार और दामिनी खुसरो को हाकी स्टिक प्रदान किया। ये तीनों खिलाड़ी बिलासपुर स्थित स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में पिछले तीन सालों से हॉकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने तीनों खिलाड़ियों के साई के परफॉर्मेंस असेसमेंट कैंप में चयन पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। उन्होंने तीनों को भविष्य में अच्छे प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जून-2022 से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित बहतराई के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में 67 खिलाड़ी अभी हॉकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्य शासन और प्रशिक्षकों के सहयोग से यहां से लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। हॉकी किट के वितरण के दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री ए. एक्का और राज्य प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में हॉकी के वरिष्ठ कोच श्री राकेश टोप्पो भी मौजूद थे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जनवरी।** नगर निगम सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने की।

इस दौरान आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न मापदंडों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयुक्त ने जानकारी दी कि इस वर्ष का स्वच्छ सर्वेक्षण कुल 12, 500 अंकों का होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए केवल निगम अमले के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि इसमें शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य निर्धारित रूट चार्ट और समय-सारिणी के अनुसार ही किया जाएगा। इस वर्ष सभी घरों में कचरा संग्रहण वाहन एक तय समय पर




पहुंचेंगे। आयुक्त ने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत घरों से कचरा उठाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्रोत पर ही कचरे के पृथक्करण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नागरिक गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर निगम वाहन को सौंपें। साथ ही खुले में कचरा न फेंकने की अपील की गई, ताकि शहर की स्वच्छता बनी रहे।प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि प्लास्टिक न केवल पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि इसके सेवन से गोवंश की असमय मृत्यु जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। आयुक्त अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम अपने शहर को नंबर वन बनाना चाहते हैं, तो हमें अपनी आदतों में सुधार करना होगा। प्लास्टिक का त्याग करें और कचरा प्रबंधन में निगम की टीम का पूरा सहयोग करें। बैठक में जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, ऐशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, वेशराम सिंहा, अरविंद शर्मा, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता प्रिया करसे, श्वेता माहेश्वर, रीमा जमुलकर, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, पीआईयू प्रतिनिधि अभिनव, शुभम पाटनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

# दुर्ग एसएसपी अग्रवाल ने पेश किया साल का लेखा-जोखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 2 जनवरी।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने वर्ष 2025 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि जिले की पुलिस टीम ने कई सनसनीखेज मामलों का खुलासा किया जिनमें कुछ बहुचर्चित मामले भी थे वर्ष 2024 में जिले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के अंतर्गत 7223 अपराध पंजीबद्ध हुए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 7878 रही नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत प्रत्येक शिकायत पर शीघ्र अपराध दर्ज किया गया। वर्ष 2025 में बीएनएस एवं बीएनएसएस के अंतर्गत कुल 10927 अपराध पंजीबद्ध हुए जिनमें से 93 प्रतिशत मामलों का निराकरण किया जा चुका है। शेष प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिले के विभिन्न थानों में अपराध निराकरण की दर उल्लेखनीय रही सुपेला भिलाई भट्टी, पुलगांव, अंडा, रणीतराई सहित कई थानों में चाजर्शीट प्रतिशत 95 से 98 तक रहा, जो पलिस की कार्यकशलता को दर्शाता है साइबर अपराधों पर भी विशेष ध्यान दिया गया, हालांकि इस क्षेत्र में और सुदृढीकरण की आवश्यकता बताई गई है 3815 अपराध दर्ज, इनमें 5632 आरोपियों को गिरफ्तार किया एसएसपी अग्रवाल ने बताया कि शरीर से संबंधित अपराधों की बात करें तो वर्ष 2025 में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और चोट जजैसे कुल 3815 अपराध दर्ज किए गए, इनमें 5632 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हत्या के कई जमन्य मामलों का सफ्लतापूर्वक खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा गया। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में भी त्वरित कार्रवाई करते हुए बलात्कार, क्षेड़छाड़, दहेज प्रताड़ना जजैसे मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने का प्रयास किया गया। महिला अनुसंधान यूनिट के माध्यम से मामलों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है वर्ष 2025 में बड़ी मात्रा में गांजा, ब्राउन शुगर, हेरोइन समेत अवैध शराब जब्त( दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान विशेष रूप से प्रभावी रहा। आबकारी एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2025 में बड़ी मात्रा में गांजा, ब्राउन शुगर, हेरोइन, नशीली दवाइयां और अवैध शराच जब्त की गई एनडीपीएस एक्ट के मामलों में पूर्व वर्ष की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक कार्रवाई की गई करोड़ों रुपये मूल्य के मादक पदार्थ और आहन जब्त कर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। वहीं गुमशुदा बच्चों और व्यक्तियों की तलाश में भी दुर्ग पुलिस को उल्लेखानीय सफ्लता मिली ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी संख्या में बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाया गया।

## एक नजर

### नए वर्ष पर 4 निरीक्षकों व 7 उपनिरीक्षकों का तबादला

**दुर्ग, 2 जनवरी (तरणु छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नए साल के दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने 4 निरीक्षक व 7 उप निरीक्षक का तबादला आदेश जारी किया है जारी सूची के मुताबिक विभिन्न एवं इकाइयों में पदस्थ कुल 11 अधिकारियों को नवीन पदस्थापना दी गई है जिस में निरीक्षक भानुप्रताप साव को थाना प्रभारी अंडा से थाना प्रभारी नंदिनी नगर, पुलिस लाइन से निरीक्षक राजेश मिश्रा को पाटन, थाना प्रभारी धमधा निरीक्षक युवराज साहू को हटाकर ट्रैफिक शाखा जिला दुर्ग, पाटन थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार साहू को प्रभारी नेवई, रानीतराई थाना प्रभारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कुरें को कुम्हारी, पुरानी भिलाई उप निरीक्षक रामनारायण ध्रुव को थाना प्रभारी धमधा, जामगांव आर उप निरीक्षक फगू राम लहरे को थाना भिलाईनगर, नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर को थाना प्रभारी अंडा. नेवई थाना उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर को प्रभारी रानीतराई थाना, कुम्हारी उप निरीक्षक योगेश्वर वर्मा को थाना प्रभारी जामगांव आर और जामगांव आर उप निरीक्षक दरबारी राम तारम को थाना छावनी में पदस्थ किया गया है।



### आबकारी विभाग व शराब दुकान में नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े 6 लाख रुपय की ठगी



**भिलाई, 2 जनवरी (तरणु छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी विभाग व शराब दुकान में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है धमधा पुलिस ने बताया कि बागेश्वर सिटी राजनांदगांव निवासी ओमकुमार सिन्हा ने आबकारी विभाग में और शराब दुकान में नौकरी लगने का झांसा देकर 6 लाख 51 हजार 817 रूपये लिया जिसमें शुभम सोनकर से 1 लाख, गजेन्द्र सोनकर का 90 हजार, प्रियांश सोनकर से 12 हजार और हेम सिंह साहू 1 लाख 20 हजार रूपये को फोन पे और स्केनर के माध्यम से दिया गया। प्रियांश सोनकर 1 लाख 8 हजार, गजेन्द्र 30 हजार, नागेश 37 हजार रूपये नगद वसूला। मामले में पुलिस ने आरोपी ओमकुमार सिन्हा उर्फ ओमप्रकाश की खोजबीन कर उसे राजनांदगांव से हिरासत में लिया गया पूछताछ करने पर आरोपी ने ठगी करना स्वीकार किया है आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### कलेक्टर बनना मेरा सपना : राघवेश अग्रवाल

**कवर्धा, 2 जनवरी (तरणु छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जयदेव अग्रवाल और सोनल अग्रवाल के सुपुत्र राघवेश अग्रवाल से तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हो। त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कक्षा चौथी के छात्र राघवेश अग्रवाल ने कहा की कलेक्टर बनना मेरा सपना है। आदर्श के सवाल पर राघवेश ने कहा की मेरे दादा कन्हैया अग्रवाल मेरे आदर्श है।



### युवक पर प्राणघातक हमला, मामला दर्ज

**भिलाई, 2 जनवरी (तरणु छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 109, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सुधीर कोसले ओम वायर कंपनी में मजदूरी का काम करता है उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गुटखा लेने महेश किराना दुकान जा रहा था सिंह आटा चक्की के पास पहुंचा था उसी समय आयुष और जीत बाइक से आये और प्रार्थी को पूछा गोल्डी को जानते हो क्या तो प्रार्थी ने उन्हें कहा कि नहीं जानता तो कुछ दूर जाकर रोहण और उसका साथी सागर भी एक साथ आये बोले तुम सब जानते हो नहीं बता रहे हो बोलकर जीत डंडा से आयुष अपने पास रखे किसी धारदार लोहे की चीज से प्रार्थी के सिर में पांच छः बार मारा है सिर में चोट आने से उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का केन्द्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत व सीएम साय ने किया भूमिपूजन

# भारत तेजी से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है : गजेन्द्र शेखावत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 जनवरी।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत के विकास का ग्रोथ इंजन छत्तीसगढ़ बनता जा रहा है छत्तीसगढ़ इस संकल्प के साथ में हम सब लोग काम करेंगे ऐसा भरोसा और विश्वास आप सबको दिलाते हुए आप सबको बहुत सारी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सतत आगे बढ़े और छत्तीसगढ़ का पर्यटन विकसित हो छत्तीसगढ़ की संस्कृति सुरक्षित और संरक्षित हो जिससे छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान बने। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत 146 करोड़ रुपये की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न किया गया। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर से मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुआ एवं सरोदा जलाशय तक एक सुव्यवस्थित एवं समग्र पर्यटन कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इस कॉरिडोर के निर्माण होने से जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पुरातात्विक स्थलों को एक सशक्त पर्यटन श्रृंखला में जोड़ते हुए भोरमदेव को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। उज्जैन और वाराणसी की तर्ज पर भोरमदेव कॉरिडोर का विकास किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, धार्मिक



एवं सांस्कृतिक स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने नववर्ष के अवसर पर कबीरधाम जिले को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के आग्रह पर भोरमदेव से बोड़ला तक सड़क चैड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य की भी घोषणा की। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भोरमदेव महोत्सव स्थल पर कॉरिडोर के भूमिपूजन के बाद सभा को संबोधित करते हुए कबीरधाम जिले सहित पूरे प्रदेश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत तेजी से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि एक हजार साल पुराने बाबा भोरमदेव के मंदिर विकास हेतु आज भूमिपूजन हुआ है जो बहुत ही हर्ष की बात है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा लगातार क्षेत्र का दौरा कर यहां के विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। चैत्र माह के तेरहवीं तिथि को भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पिछले वर्ष जब स्वदेश दर्शन योजना में शामिल करने के लिए हमने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से निवेदन किया था और भोरमदेव महोत्सव के दिन ही हमें भोरमदेव कॉरिडोर की स्वीकृति प्राप्त हुई थी और आज भूमिपूजन भी सम्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भोरमदेव की तरह ही आस्था का केंद्र माने जाने वाले पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर का भी अब विकास किया जा रहा है, जिसके लिए विगत दिनों जब आयोजन किया गया तो लोगों ने अपनी पूरी भक्ति भाव से मंदिर के विकास के लिए दिल खोलकर दान किया और एक ही दिन में 75 लाख रुपए कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व ही संग्रहित हो गए थे। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री अरूण साव और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, , गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायात उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य गंगाबाई लोकचंद साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुराज सिंह,, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष , नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मीलूराम साहू, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल सहित जनप्रतिनिधिगण और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन में भारत ने जीते स्वर्ण पदक, चेतना ने उतई का नाम रोशन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 जनवरी।** दक्षिण एशियाई बाल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन 27 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक पटना (बिहार) में किया गया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय बाल बैडमिंटन टीम की महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किए।चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों ने विशेष पहचान बनाई।दुर्ग जिले के उतई गांव की होनहार बेटी चेतना साहू, पिता भुनेश्वर साहू, ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान चेतना साहू ने अपने सभी मुकाबलों में शानदार तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। उन्होंने कड़े मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उतई



गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। चैम्पियनशिप में महिला भारत ने श्रीलंका को 35-13, 35-13 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चेतना साहू, पिता भूनेश्वर साहू ने बताया की मैं पढ़ाई के साथ - साथ सबसे अधिक रुचि खेल खेलना और खेल में भाग लेना मुझे बहुत पसंद था। मेरी इसी निरंतर प्रयास ने दक्षिण एशियाई चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक सफ्लता हासिल हुआ, मेरी इस सफ्लत में मेरी फ़ैमिली और कोच की बड़ी योगदान है।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई



**भिलाई, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से दिसंबर 2025 माह में कुल 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 08 सदस्यों सहित 12 कार्यपालक व 71 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में 31 दिसंबर को किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ कमल भास्कर तथा कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ अरुण कुमार उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं - कार्यपालक निदेशक प्रभारी सुब्रत मुखोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार, महाप्रबंधक गोविंद त्र्यंबकराव दांडेगांवकर, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक महाराणा प्रताप सिंह, महाप्रबंधक मनोज कुमार, महाप्रबंधक अमरेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश कुमार अग्रवाल, सहायक प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, प्रबंधक तनवीर अहमद तथा प्रबंधक यतीन्द्र पुरंग। 31 दिसंबर को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई।

## अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव बनने पर ममता चंद्राकर को बधाइयों का तांता

**कवर्धा, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महा सचिव ममता चंद्राकर के बनने पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम, पूर्व मंडी अध्यक्ष लाल जी चंद्रवंशी जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अगम अनंत, पूर्व मंडी अध्यक्ष हरेंद्र चंद्राकर प्रदेश प्रतिनिधि रूपेन्द्र वर्मा, राजेंद्र मार्कण्डेय अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष, उत्तरा दिवाकर कुंडा अध्यक्ष, रोहित चंद्रवंशी सहित हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फ़ोन पर एवं निवास पर पहुंचकर बधाई दी।



## नववर्ष पर महामाया व शीतला मंदिर में लोगों ने की पूजा-अर्चना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 जनवरी।** नव वर्ष 2026 के उपलक्ष्य पर पाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने सपत्नीक नगर में प्रसिद्ध माँ महामाया मंदिर व माँ शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर नगरवासियों एवं प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना किया।

इस अवसर पर योगेश निक्की भाले ने सभी को नए वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी व 6 जनवरी दिन मंगलवार को नगर में भव्य



मंडाई (मेला) का आयोजन किया गया है जिसमें सभी प्रदेशवासियों को आमंत्रित किया है।

पूजा अर्चना में नगर की प्रथम महिला मुख्या रीना भाले, उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति व वार्ड 11 पार्षद केवल देवांगन, सभापति व वार्ड 2 पार्षद जितेन्द्र निर्मलकर, सभापति व वार्ड 15 पार्षद देवेन्द्र ठाकुर, वार्ड 1 पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, लता भाले, ईश्वरी भाले, योगेश सोनी सहित उनके परिवार जन उपस्थित रहे।

# तालपुरी में सघन आवासीय परियोजना के विरोध में कालोनी के लोगों का उग्र प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जनवरी।** तालपुरी बी-ब्लॉक की खुली भूमि पर प्रस्तावित सघन आवासीय परियोजना के विरोध में कॉलोनी वासियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा स्वीकृत टाउन एंड कंट्री प्लान से मनमानी व नियमविरुद्ध छेड़छाड़ कर इस परियोजना को लाने की साजिश की जा रही है, जिससे कॉलोनी की शांति, पर्यावरणीय संतुलन और पहले से सीमित नागरिक सुविधाओं पर गंभीर संकट उत्पन्न होगा। प्रदर्शन के पश्चात आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तालपुरी बी-ब्लॉक बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया। पूर्व अध्यक्ष सुनील चौरसिया को समिति का संयोजक अध्यक्ष तथा गिरिराज देशमुख को समन्वयक नियुक्त किया गया।

## वार्षिक उत्सव में बचपन की यादों में लौटे सांसद बघेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जनवरी।** दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि ऐसे आयोजनों में आकर बचपन की स्मृतियां ताजा हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव जीवन में उमंग, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा भर देता है। यहां का वातावरण संस्कारों से परिपूर्ण है और यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। सांसद बघेल ने कहा कि दिव्य अनुभूति विद्यालय विगत 25 वर्षों से बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है। यहां से शिक्षित बच्चे देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जो विद्यालय की गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है। कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, शारदा गुप्ता एवं महेश वर्मा ने भी संबोधित किया। समारोह के विशेष क्षण में राज्य के वीर बालक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित साहिबजादा अजीत सिंह अवॉर्ड प्राप्त छात्र ओम उपाध्याय को उनकी वीरता और साहस के लिए सम्मानित किया गया। संचालन प्राचार्य माधुरी वर्मा एवं प्रभारी अन्नपूर्णा ने किया।

## आयुक्त ने किया सामुदायिक भवन एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर

# अवैध कब्जों व कबाड़ियों की गंदगी पर जताई नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जनवरी।** नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30, प्रगति नगर कैंप-01 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित सामुदायिक भवन एवं शारदा पारा तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में बने सामुदायिक भवन की गुणवत्ता का अवलोकन किया।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से वार्डवासियों द्वारा सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी। भवन के अभाव में



सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन में नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनहित को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना निधि से इस भवन का निर्माण कराया गया है। उन्होंने भवन के सुव्यवस्थित उपयोग एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके पश्चात आयुक्त शारदा पारा तालाब पहुंचे, जहां उन्होंने फेंसिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। तालाब के आसपास किए गए अवैध कब्जों और कबाड़ियों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को संबंधित लोगों को तत्काल नोटिस जारी कर बेदखली की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने तालाब के समीप स्थित पुराने भवन के संधारण एवं उपयोगिता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। साथ ही नाले की सघन सफाई कराने, सुलभ शौचालय की व्यवस्था सुधारने तथा संबंधित एजेंसी एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## विधायक ने 1.84 करोड़ की नाली निर्माण योजना का किया भूमिपूजन

**भिलाई, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत जुनवानी से अवंती बाई चौक होते हुए कोहका और कुरूद तक प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक रिकेश सेन द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 1 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत आएगी, जिसके अंतर्गत करीब पौने तीन किलोमीटर लंबी नाली का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि जुनवानी, कोहका और कुरूद क्षेत्र में अब तक समुचित नाली व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जलभराव की समस्या से सड़कों की हालत भी खराब हो जाती थी। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को जलभराव से स्थायी राहत मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा।



## एक नजर

### शराब सेवन कर बाइक चलाने वाले 4 लोगों पर 40,000 का किया गया अर्थदंड



**बलौदाबाजार 2 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यवाही के इसी क्रम में ओवरलोड कर भारी वाहन चलाने वाले 03 वाहन चालकों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर थाना हथबंद पुलिस द्वारा प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें ओव्हर लोड वाहन चलाने वाले 03 वाहन चालको पर माननीय न्यायालय द्वारा कुल ?1,55,000 का जुर्माना किया गया माननीय न्यायालय सिमगा द्वारा ?62,000 का जुर्माना- आरोपी वाहन चालक- मुन्ना साहू उम्र 26 साल ग्राम कठीया बेमेतरा वाहन चालक हाईवा CG12 AZ 8325 माननीय न्यायालय सिमगा से ?59,000 का जुर्माना- आरोपी वाहन चालक- संजू पाल उम्र 29 साल साकिन ग्राम नवागढ बेमेतरा, वाहन क्रमांक हाईवा CG04 NG 6613 माननीय न्यायालय सिमगा से ?34,000 का जुर्माना- आरोपी वाहन चालक- राजेश कुमार पडवार उम्र 37 साल साकिन सैदा थाना मवई जिला मण्डला।

### एकीकृत किसान पोर्टल से जुड़ी समस्याओं का 7 जनवरी तक होगा निराकरण

**राजनांदगांव 2 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। किसानों द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन से संबंधित संशोधन एवं आवेदन किए गए हैं। किसानों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। राज्य शासन द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत 7 जनवरी 2026 तक संबंधित राजस्व विभाग एवं अन्य अधिकृत विभागों के अधिकारियों एवं पटवारियों को भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। जिससे पात्र किसानों को योजना का लाभ बिना विलंब के प्रदान किया जा सकेगा। जिले के समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को व्हीसी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कर आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया है। साथ ही किसानों से सत्यापन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों के हित में पारदर्शी, तकनीक आधारित और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

### कलेक्टर ने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के संबंध अधिकारियों की ली बैठक



**राजनांदगांव 2 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि अधीनस्थ कार्यालयों में ई ऑफिस में ऑनबोर्डिंग हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अधीनस्थ कार्यालयों में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली आज से लागू हो रही है। इसके लिए ई-ऑफिस के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी ही आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के नोडल अधिकारी होंगे। इसके लिए सभी अधिकारी निरंतर अभ्यास जारी रखें। यह अभ्यास लोकेशन की प्रामाणिकता, ऐप इंस्टॉलेशन, प्रतिदिन उपस्थिति के तकनीकी पहलुओं, कार्य सत्यापन के साथ ही इसे सीखकर आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अपनी उपस्थिति देंगे। जिससे कार्य के प्रति विश्वनीयता और अनुशासन रहेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को इसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टोरेट में पदस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में समय पर उपस्थिति देने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मार्कण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर साहित्य उत्सव की वेबसाइट का किया लोकार्पण

**■ 23 से 25 जनवरी तक आयोजित होगा रायपुर साहित्य उत्सव**

**रायपुर, 2 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में रायपुर साहित्य उत्सव की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, कौशल विकास मंत्री श्री खुशवंत साहेब तथा छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि रायपुर साहित्य उत्सव 23 से 25 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। साहित्य उत्सव में देशभर के प्रख्यात साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, पत्रकारों, समीक्षकों एवं पाठकों की सहभागिता होगी। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, सृजनात्मक लेखन, प्रकाशन जगत, युवा साहित्य तथा नई पीढ़ी के रचनाकारों से जुड़े विषयों पर विविध सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने वेबसाइट लॉन्च करते हुए कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव छत्तीसगढ़ की साहित्यिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाई प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उत्सव लेखक और पाठक के बीच नए संवाद का सशक्त मंच बनेगा तथा युवा पीढ़ी में पढ़ने और लिखने की प्रेरणा जागृत करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती लोकसाहित्य, लोककथाओं और समृद्ध मौखिक परंपराओं की धरोहर रही है। ऐसे में रायपुर साहित्य उत्सव राज्य की इस सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने का सुअवसर बनेगा।




# भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन वर्ष 2026 की शुभ शुरुआत: छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर को मिलेगी नई पहचान:सीएम साय

**रायपुर, 2 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज कबीरधाम ज़िले के भोरमदेव धाम में आयोजित कार्यक्रम में भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नववर्ष 2026 की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नए वर्ष की शुरुआत ऐसे ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कार्य से होना छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है। भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना राज्य की प्राचीन धरोहर को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का प्रतीक है। कबीरधाम जिले के इस भोरमदेव धाम में महादेव शिव की आराधना, अतुलनीय प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एक साथ दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन किया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 146 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे बेहतर शुरुआत नए वर्ष की नहीं हो सकती थी और इस परियोजना के लिए उन्होंने समस्त छत्तीसगढ़वासियों को बधाई दी।




मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भोरमदेव की महत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस पहल के लिए केंद्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के प्रति आभार व्यक्त किया।

भोरमदेव मंदिर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरे-भरे वनांचल के बीच स्थित इस मंदिर को ÷छत्तीसगढ़ का खजुराहो÷ कहा जाता है। यह केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि हजार वर्षों की साधना, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। यहाँ भगवान शिव की पूजा भोरमदेव के रूप में की जाती है, जहाँ शैव दर्शन, लोक आस्था और आदिवासी परंपराएँ एक साथ मिलकर भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

उन्होंने कहा कि सावन के महीने में निकलने वाली कांवड़ यात्रा यहाँ की एक महत्वपूर्ण परंपरा है और उन्हें स्वयं कांवड़ियों का स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य स्थित भोरमदेव मंदिर, मड़वा महल और छेरकी महल ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखते हैं। मंदिर की दीवारों पर उत्कीर्ण भव्य शिल्पाकृतियाँ खजुराहो की कला से तुलना योग्य हैं। नागवंशी शासनकाल में निर्मित नागर शैली की यह अद्वितीय वास्तुकला अपने आप में अद्भुत है। यह स्थल न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्रीय इतिहास, कला और सामाजिक जीवन का सशक्त साक्ष्य भी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महाशिवरात्रि पर यह स्थान प्रमुख तीर्थ के रूप में हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है, जहाँ आदिवासी परंपराओं और शैव प्रथाओं का अनोखा संगम दिखाई देता है। मड़वा महल, जिसका संबंध विवाह मंडप से माना जाता है, तथा छेरकी महल की दीवारों पर अंकित वन और नदी से जुड़ी आकृतियाँ प्रकृति-निष्ठ जीवनदर्शन को दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा कि भोरमदेव का यह संपूर्ण क्षेत्र धर्म और अध्यात्म के साथ-साथ पर्यटन का भी बड़ा केंद्र है, जिसे वर्तमान सरकार व्यापक रूप से विकसित करने जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है, जिससे पर्यटन क्षेत्र को संरचनात्मक मजबूती मिली है। नई पर्यटन नीति एवं होम-स्टे पॉलिसी के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ रोजगार और निवेश के अवसर बढ़ रहे हैं।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लोगों के घर सौर ऊर्जा से रोशन



**■ अब तक 900 से अधिक लोगों ने अपने घर की छत पर लगवाए सोलर पैनल**

**बलौदाबाजार, 2 जनवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अब लोगों के घर सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे हैं। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी राशि एवं बिजली बिल से मुक्ति मिलने से सोलर पैनल लगवाने जिले के हितग्राही काफी उत्साहित हैं।

जिले के लोगों में इस योजना को लेकर उत्साह इतना प्रबल है कि 10 हजार से अधिक परिवारों ने अब तक पंजीकरण कराकर सौर ऊर्जा अपनाने की दिशा में अपना सशक्त संकल्प व्यक्त किया है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते जिले के बदलते सोच और जागरूकता का प्रतीक है।इसी प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सक्रियता का परिणाम है कि 900 से अधिक घरों की छतों पर सोलर रूफ्टॉप प्लांट स्थापित हो चुके हैं। ये परिवार आज मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर न केवल आर्थिक बचत कर रहे हैं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी सार्थक योगदान दे रहे हैं।इस योजना की पारदर्शिता और त्वरित लाभ से योजना के प्रति आम नागरिकों का भरोसा और मजबूत हुआ है तथा सहभागिता भी लगातार बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर दीपक सोनी की निगरानी में ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यह अभियान जिले में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। सीएसपी डीसीएल के अधिकारियों द्वारा वेंडर एवं हितग्राहियों के मध्य आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

## पूर्णिमा साव का जन्मदिवस नगर में संगठन के शक्ति प्रदर्शन,राजनीतिक संकल्प के साथ मनाया

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**रायपुर 1 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी की संघर्षशील एवं कर्मठ नेत्री पूर्णिमा साव का जन्मदिवस नगर में संगठनात्मक शक्ति-प्रदर्शन और राजनीतिक संकल्प के साथ मनाया गया। यह आयोजन स्पष्ट संदेश दे गया कि भाजपा केवल सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सिद्धांतों की राजनीति करती है।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम के पार्षद रवि सिन्हा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद भंसाली की उपस्थिति ने आयोजन को राजनीतिक रूप से और अधिक गरिमामय बनाया। आयोजन का नेतृत्व भाजपा नेत्री तेज माला देशमुख ने अपने निवास पर किया, जहाँ कार्यकर्ताओं का उत्साह और जोश देखने लायक था।

वक्ताओं ने दो टूक कहा कि जब विपक्ष अवसरवाद और बयानबाज़ी में उलझा है, तब भाजपा का हर कार्यकर्ता जमीन पर काम कर रहा है। पूर्णिमा साव जैसी नेत्रियाँ भाजपा की उस रीढ़ हैं, जो संगठन को बूथ से लेकर जिले तक मजबूती प्रदान कर रही हैं।

इस अवसर पर पारुल जैन, सरस्वती यादव मुनेश्वरी साहू जमुना साहू पुष्प लता गंधर्व संगीता मिश्रा शांति पात्रे साक्षी भाटिया उत्तरा निषाद चंद्रिका साहू रेखा मेश्राम माधुरी जैन पूनम साहू ,गरिमा श्रीवास्तव, पूर्णिमा मडावी, कंचन तारम, ममता निर्मलकर, मंजू हिरवानी, गरिमा श्रीवास्तव ,बिंदु साहू, ज्योति ठाकुर , दक्षा पंडित, कमला मेश्राम, शीला देवांगन, ज्योति ठाकुर ,ललिता सलामे सहित महिला मोर्चा एवं अन्य पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भाजपा महिला नेतृत्व केवल प्रतीक नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली शक्ति है। पार्टी का हर कार्यकर्ता आने वाले समय में जनसेवा और विकास के मुद्दों पर और आक्रामक भूमिका में दिखाई देगा। कार्यक्रम से यह साफ संदेश गया कि भाजपा संगठित है, सतर्क है और जनता के विश्वास के साथ हर राजनीतिक चुनौती का सामना करने को तैयार है।



## समणी वृंद सान्निध्य नववर्ष का आध्यात्मिक आगाज



**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**रायपुर 2 जनवरी।** देवेन्द्र नगर स्थित प्रकाश भवन में जैन तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या समणी निर्देशिका कमल प्रज्ञा जी व समणी सुमन प्रज्ञा जी के सान्निध्य में नववर्ष 2026 का आध्यात्मिक आगाज वृहद मंगलपाठ के साथ श्रावक-श्राविकाओं की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। आगे जानकारी देते हुए वीरेंद्र डागा ने बताया कि उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए समणी सुमन प्रज्ञा जी ने बताया कि विश्व में विभिन्न प्रकार की मान्यताओं वाले धर्म है, जिनकी अपनी-अपनी मान्यताएं हैं। उसी अनुरूप उनके अपने अपने नववर्ष होते हैं, जिस प्रकार आज अंग्रेजी/कैलेण्डर नववर्ष है तदर्थ उन्होंने ने सभी के प्रति आध्यात्मिक मंगलकाना करते हुए ऊर्जा से ओतप्रोत शुभकामना मंगलकामना सुमधुर गीतिका का संगान किया।

समणी जी ने कहा कि यदि हमें अपने जीवन में लक्षित मंजिल को पाना है तो निरन्तर श्रमणशील बने रहना होगा, जिस प्रकार दूध की आवश्यकता होने पर हमें गाय से दूध निकालना/दूना पड़ता है क्योंकि गाय अपने आप दूध नहीं देती। धर्मसभा को बोधित करते हुए समणी निर्देशिका कमल प्रज्ञा जी ने कहा कि गये/विगत वर्ष का हमें अवलोकन करते हुए, उससे प्रेरणा लेते हुए हमें अपने आप को नववर्ष में और बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। समणी जी ने ओजस्वी स्वर में उपस्थित सभी को आध्यात्मिक मंत्रों से ओत-प्रोत नववर्ष मंगलमय हो इस भावना से वृहद मंगलपाठ का श्रवण कराया।

### कुलपति ने किया नेहरू पुस्तकालय के प्रकाशित टेबल कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर, 2 जनवरी।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज यहां नेहरू पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित टेबल कैलेंडर 2026 का विमोचन किया। इस कैलेंडर में विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों को सुरूचिपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय रापयुर की अधिष्ठाता एवं नेहरू पुस्तकालाध्यक्ष डॉ. आरती गुहे, सहायक पुस्तकालाध्यक्ष श्रीमति माधुरी गौतम, कृषि महाविद्यालय रायपुर के तकनीकी अधिकारी डॉ. रामा मोहन सावू, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री संजय नैयर सहित नेहरू पुस्तकालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## किक बाक्सिंग में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जीते 5 पदक




**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**सिमगा 2 जनवरी।** भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन 25 से 29 दिसंबर तक इंदौर में किया गया। इस प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र के मध्य प्रदेश, तेलंगाना, दमन-दीव, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा सहित छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा तथा महासचिव आकाश गुरुद्वान ने अधिकृत जानकारी दी कि खेलो इंडिया मुहिम के तहत देशभर के 150 शहरों में अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग का आयोजन वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित वेस्ट जोन प्रतियोगिता में प्रदेश की 68 बालिका एवं महिला किकबॉक्सरों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिता में बालोदबाजार जिले के सिमगा क्षेत्र के शारदा मार्शल आर्ट्स किकबॉक्सिंग एकेडमी से अमन सोनी छत्तीसगढ़ कोच की भूमिका निभाई व एकेडमी में अभ्यासरत खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक अपने नाम किए। सीमा निषाद व शैली यादव ने स्वर्ण पदक जीता, अक्षरा गुप्ता ने रजत पदक जीता व आरुषि देवांगन व आन्या मानिकपुरी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

इसके अलावा विभूति नामदेव ने भी विभिन्न वजन वर्गों में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन मार्च माह में चेन्नई में आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इंडिया राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साथ ही इन खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार द्वारा नगद पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा, संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदिवान, वरिष्ठ किकबॉक्सिंग खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों ने टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### 38 लीटर अवैध मदिरा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 2 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलरामपुर जिले में अवैध मदिरा के भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने चौकी रघुनाथनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरही में कार्रवाई करते हुए कुल 38.07 लीटर अवैध मदिरा जब्त की है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ग्राम जोरही निवासी श्री संदीप कुमार के कब्जे से उत्तरप्रदेश राज्य में विक्रय हेतु निर्मित बियर 6.50 लीटर, विदेशी मदिरा 2.37 लीटर, देशी मदिरा 4.20 लीटर तथा महुआ शराब 25 लीटर, कुल 38.07 लीटर मदिरा जब्त की गई।

**■ राष्ट्रीय सूचना विज्ञान छत्तीसगढ़ केंद्र में राजभाषा हिंदी कार्यशाला आयोजित**

# शासकीय कार्यालयों में हिंदी को बढ़ावा देने पर जोर

**रायपुर, 2 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) में 30 दिसंबर को राज्य केंद्र एवं जिलों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा नीति एवं नियम विषय पर राज्य स्तरीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शासकीय कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करना तथा केंद्र सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में मुख्यालय से पधारे श्री अजय मधुकर जोशी, उप महानिदेशक एवं समूह प्रमुख (राजभाषा) तथा श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ निदेशक का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ श्री ऋषि कुमार राय, उप निदेशक (आईटी) एवं हिंदी अधिकारी द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया।

इस अवसर पर श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ निदेशक ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजभाषा हिंदी की नीति, नियमों एवं उनके अनुपालन की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों, पत्राचार, ई-ऑफिस तथा तकनीकी दस्तावेजों में हिंदी के प्रयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया।





इसके पश्चात श्री अजय मधुकर जोशी, उप महानिदेशक ने संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उपसमिति के निरीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि एनआईसी छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र द्वारा राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में किए गए कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने समिति द्वारा राज्य केंद्र, रायपुर को प्रदत्त प्रमाण पत्र के लिए राज्य के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा हिंदी में किए जा रहे कार्यों को शत-प्रतिशत तक पहुंचाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में श्री तेज नारायण सिंह उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने कार्यशाला को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। उन्होंने अतिथि वक्ताओं के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

अंत में श्री पी. रामाराव, वरिष्ठ निदेशक एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कार्यशाला में सहभागिता करने वाले राज्य केंद्र एवं जिलों से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार जताया।

## मोदी सरकार तो मजबूती से बनी हुई है

राजनीति क्या है लोगों का भरोसा जीतने का खेल है। राजनीति में सफल वह होता है जो लोगों का भरोसा जीतता है, जो ज्यादा लोगों का भरोसा जीतता है। जो बहुमत का भरोसा जीतता है वह सबसे अच्छा खिलाड़ी माना जाता है। जो बहुमत नहीं जीतने पर बहुमत का जुगाड़ कर लेता है, वह भी अच्छा खिलाड़ी माना जाता है। जो बहुमत प्राप्त नहीं कर पाता या जो बहुमत का जुगाड़ नहीं कर पाता वह अच्छा खिलाड़ी नहीं माना जाता है।देश की राजनीति में इस समय पीएम मोदी राजनीति के सबसे अच्छे खिलाड़ी माने जाते हैं क्योंकि वह दो बार लोकसभा के चुनाव में बहुमत प्राप्त करने के साथ ही एक बार बहुमत नहीं मिलने पर बहुमत का जुगाड़ करने में सफल रहे है तो यह भी उनकी दूरदर्शिता है। कई लोगों में दो बार बहुमत मिलने पर अहंकार आ जाता है कि हमें कोई हरा नहीं सकता. हमारी सीट कभी कम नहीं हो सकती। पीएम मोदी जानते हैं कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है इसलिए उन्होंने दो बार केंद्र में बहुमत की सरकार बनने के बाद भी एनडीए को बनाए रखा और इसी वजह से तीसरी बार उनकी सरकार बन सकी।उनकी तीसरी सरकार को कमजोर सरकार और पीएम मोदी का कमजोर पीएम कहा गया।पिछले साल कई बार कहा गया कि यह सरकार कमजोर सरकार है, यह सरकार कभी गिर जाएगी, जो लोग इसका समर्थन कर रहे हैं, वह इस सरकार को समर्थन वापस लेकर गिरा देंगे। आज तक ऐसा होता भी रहा है क्योंकि बैशाखी पर टिकी सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई हैं। सरकार का समर्थन करने वाले दल समर्थन की बड़ी कीमत चाहते हैं। सरकार कीमत नहीं चुका पाती है तो सरकार समर्थन करने वाले गिराते रहे हैं। इस देश ने कई साझा सरकारों को बनते व गिरते देखा है। साझा सरकार मतलब इस देश में माना जाता है कि देश में राजनीतिक अस्थिरता रहेगी। देश में कई दशक तक साझा सरकारें रहीं है, इससे देश का विकास प्रभावित रहा है, देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है। देश की जनता को साझा सरकारों के दौरान ही यह सबक मिला है कि साझा सरकार बनाने का मतलब है कि कमजोर सरकार बनाना है। साझा सरकार मतलब साझा तौर पर भ्रष्टाचार करने वाली सरकार बनाना है। देश की जनता ने तो कई राजनीतकि दलों पर भरोसा किया, जनता किसी पर ज्यादा भरोसा नहीं कर पाई इसलिए किसी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिला। इस आधार पर यह तो कहा जा सकता है कि जनता ने राजनीतिक दलों व नेताओं पर भरोसा किया लेकिन राजनीतिक दल व नेता जनता के भरोसे का कायम नहीं रख सके। वह जनता को भरोसा नहीं दिला सके कि किसी दल को बहुमत न मिलने पर वह मजबूत सरकार बना सकते है और चला सकते हैं और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चला सकते हैं। देश के कई राजनीतिक दलों ने जनता के भरोसे करने पर कभी कमजोर बनाई तो कभी साझा तौर पर भ्रष्टाचार करने वाली सरकार बनाई। इसका कारण यही माना जाता है कि इंदिरा गांधी के बाद देश में ऐसा कोई मजबूत नेता जनता को नहीं मिला जिस पर ज्यादा से ज्यादा जनता उस पर भरोसा करती। इस देश में आखिरी बार इंदिरा गांधी के शहीद पर राजीव गांधी को यानी कांग्रेस को सबसे बड़ा बहुमत मिला। उसके बाद इस देश की जनता ने किसी नेता को बहुमत के लायक नहीं समझा। इंदिरा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी जब गुजरात से देश की राजधानी में भाजपा लेकर आई तो उनको जनता ने गुजरात के काम के आधार पर योग्य नेता माना और पहली बार बहुमत दिया। इसकी कई वजहें हो सकती है लेकिन सबसे बड़ी वजह वह काम करने वाले नेता थे, उन्होंने गुजरात में काम करके दिखाया था, दूसरी सबसे बड़ी बात वह उतने ही ईमानदार नेता थे, जितना ईमानदार नेता जनता चाहती थी। काम व ईमानदारी की कसौटी पर नरेंद्र मोदी पहली बार ही खरे उतरे और उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि वह देश के लिए काम करने आए और उनकी सरकार पूरी ईमानदारी से यह काम करेगी। इसी वजह से उनको जनता से पहली बार से ज्यादा बहुमत दिया। तीसरी बार झूठ की राजनीति के चलते नरेंद्र मोदी को अपेक्षा से कम सीटें मिली फिर भी वह तीसरी बार बहुमत का जुगाड़ कर सरकार बनाने में सफल रहे और एक साल कमजोर सरकार भी उन्होने मजबूती से चलाकर जनता को भरोसा दिया है कि वह हर तरह की सरकार चलाना जानते हैं और जनता व देश के लिए पूरी ईमानदारी से काम करना जानते हैं।विपक्ष सरकार गिरने की उम्मीद करता रहा और चुनाव हारता रहा है।

जन्मदिवस

# सावित्रीबाई फुले: शिक्षा, समानता और सामाजिक क्रांति की अग्रदूत

**सुनील कुमार महला**

सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका, 19 वीं सदी की प्रमुख समाज सुधारक और कवयित्री थीं। कहना ग़लत नहीं होगा कि उन्होंने महिला शिक्षा और सशक्तीकरण की दिशा में तथा जाति एवं लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने में पथप्रदर्शक का कार्य किया और वे अपने आप में नारी सशक्तीकरण की एक मिसाल मानी जाती हैं। उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव (जिला सतारा) में हुआ था। पाठकों को बताता चलूं कि उनकी माताजी का नाम श्रीमती लक्ष्मीबाई तथा पिता का नाम श्री खन्दोजी नेवसे पाटिल था तथा उनका विवाह 1841 में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले(ज्योतिबा फुले) से हुआ था और उन्होंने उनके साथ मिलकर स्त्री शिक्षा और सामाजिक समानता की नींव रखी। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि ज्योतिबा फुले थॉमस पाइन की पुस्तक 'द राइट्स ऑफ मैन' से प्रभावित थे और उनका यह मानना था कि सामाजिक बुराइयों का मुकाबला करने का एकमात्र तरीका महिलाओं व निम्न वर्ग के लोगों को शिक्षा प्रदान करना था। वर्ष 1840 में जब बाल विवाह एक सामान्य बात थी, उस समय मात्र 10 साल की उम्र में ही सावित्रीबाई फुले का विवाह ज्योतिराव फुले, जिन्हें ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है, से कर दिया गया था, जो कि स्वयं उस समय मात्र 13 वर्ष के थे। बाद के समय में इस विवाहित जोड़े ने बाल विवाह(कम उम्र में विवाह) का विरोध किया और विधवा पुनर्विवाह की भी वकालत की।पाठकों को बताता चलूं कि महात्मा ज्योतिराव को महिलाओं और पिछड़े वर्गों को शिक्षित करने के उनके प्रयासों और कार्यों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार 'ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से भी जाने गए सावित्रीबाई फुले के संरक्षक, गुरु और समर्थक थे। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि 11 मई, 1888 को महाराष्ट्र के सामाजिक कार्यकर्त्ता विट्ठलराव कृष्णजी वांडेकर द्वारा उन्हें(ज्योतिबा फुले को) 'महात्मा' की उपाधि से सम्मानित किया गया था। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 1852 तक फुले ने तीन स्कूलों की स्थापना की थी, लेकिन 1857 के विद्रोह के बाद धन की कमी के कारण वर्ष 1858 तक ये स्कूल बंद हो गए थे।ज्योतिराव ने ब्राह्मणों और अन्य उच्च जातियों की रुढ़िवादी मान्यताओं का घोर विरोध किया और उन्हें 'पाखंडी' करार दिया।कई लोगों का यह भी मानना है कि यह ज्योतिबा फुले ही थे, जिन्होंने सबसे पहले 'दलित' शब्द का इस्तेमाल उन उत्पीड़ित जनता के चित्रण के लिये किया था, जिन्हें अक्सर 'वर्ण व्यवस्था' से बाहर रखा जाता था। बहरहाल, ऊपर इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक थीं, जिन्होंने उस समय शिक्षा का अलख जगाया जब लड़कियों को पढ़ाना पाप माना जाता था। उन्होंने अपने जीवन में अपमान, विरोध और कठिनाइयों का सामना करते हुए भी महिला शिक्षा और दलित-वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर उन्होंने बालिकाओं और शोषित वर्गों के लिए विद्यालय स्थापित किए और समाज में समानता की भावना को मजबूत किया। वे केवल शिक्षिका ही नहीं, बल्कि कवयित्री और प्रखर विचारक भी थीं, जिनकी रचनाएँ सामाजिक चेतना को जाग्रत करती हैं। सावित्रीबाई फुले का संपूर्ण जीवन साहस, करुणा और सामाजिक परिवर्तन की अमर प्रेरणा है। वास्तव में उन्होंने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और महिलाओ को शिक्षित बनाना।' उन्हें मराठी की आदिकवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो सावित्रीबाई एक सशक्त कवयित्री भी थीं। उनकी प्रमुख कृतियाँ 'काव्यफुले' और 'बावन काशी सुबोध रत्नाकर' हैं, जिनमें सामाजिक चेतना, शिक्षा और समानता का संदेश मिलता है। यहां यह भी गौरतलब है कि 5 सितंबर 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ उन्होंने महिलाओं के लिए उस समय एक विद्यालय की स्थापना की, जिस समय लड़कियों की शिक्षा पर पाबंदी थी। उस समय एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पाँच नये विद्यालय खोलने में सफल हुए।श्रीमती फुले पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं तथा यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है कि उन्होंने बहुत पहले 1848 में पुणे में देश का पहला बालिका विद्यालय शुरू करके लड़कियों के लिए एक प्रकार से शिक्षा की नींव रखी। वास्तव में यह वह समय था जब लड़कियों और दलितों की शिक्षा का समाज में कड़ा विरोध होता था। कहते हैं कि जब वे पढ़ाने जाती थीं तो लोगों द्वारा उनका अपमान किया जाता था, गालियाँ और उन पर पत्थर तक फेंके जाते थे, फिर भी उन्होंने शिक्षा का मार्ग नहीं छोड़ा। यह भी जानकारी मिलती है कि वे रास्ते में एक अतिरिक्त साड़ी लेकर चलती थीं, ताकि उन पर गंदगी फेंके जाने पर वे उसे बदल सकें और स्कूल जा सकें। वास्तव में यह उनके अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक कहा जा सकता है। जैसा कि इस आलेख में ऊपर भी चर्चा कर चुका हूं कि अपने समय में उन्होंने छुआछूत, जाति-भेद, बाल विवाह और सती प्रथा के खिलाफ आवाज़ उठाई। विधवाओं के पुनर्विवाह और गर्भवती विधवाओं के संरक्षण के लिए उन्होंने आश्रय गृह (बालहत्या प्रतिबंधक गृह) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे शोषितों, महिलाओं और दलितों के अधिकारों की सशक्त पक्षधर थीं।वर्ष 1852 में सावित्रीबाई ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये 'महिला सेवा मंडल' की शुरुआत की।सावित्रीबाई ने एक महिला सभा का आह्वान किया, जहाँ सभी जातियों के सदस्यों का स्वागत किया गया और सभी से एक साथ मंच पर बैठने की अपेक्षा की गई।उन्होंने वर्ष 1854 में 'काव्या फुले' और वर्ष 1892 में 'बावन काशी सुबोध रत्नाकर' का प्रकाशन किया। उनका काव्य-संग्रह 'काव्या फुले' सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत रचनाओं का महत्वपूर्ण संकलन है। इस कृति में उन्होंने स्त्रियों की दुर्दशा, शिक्षा के महत्व, जातिगत भेदभाव, अंधविश्वास और सामाजिक अन्याय जैसे विषयों को सरल किंतु प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत किया है। 'काव्या फुले' की कविताएँ लोगों को सोचने, प्रश्न करने और समानता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। इनमें करुणा, विद्रोह और सुधार की स्पष्ट भावना दिखाई देती है, जिससे यह कृति उस समय के शोषित-वंचित समाज की सशक्त आवाज़ बन गई। इसके अलावा वर्ष 1892 में प्रकाशित 'बावन काशी सुबोध रत्नाकर' सावित्रीबाई फुले की एक और महत्वपूर्ण साहित्यिक रचना मानी जाती है। इस कृति में बावन सुभाषितों या शिक्षाप्रद पद्यों के माध्यम से उन्होंने नैतिकता, सदाचार, शिक्षा, मानवीय मूल्यों और सामाजिक सुधार के विचारों को प्रस्तुत किया। यह ग्रंथ सरल और सुबोध भाषा में लिखा गया है ताकि सामान्य जन, विशेषकर महिलाएँ और वंचित वर्ग, इसे आसानी से समझ सकें। 'बावन काशी सुबोध रत्नाकर' का उद्देश्य लोगों को आत्मचिंतन, विवेक और सही आचरण की ओर प्रेरित करना था। इस रचना के माध्यम से सावित्रीबाई फुले ने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा केवल अक्षर-ज्ञान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और मानवीय गरिमा की स्थापना का माध्यम है। अपनी कविता 'गो, गेट एजुकेशन' में वह उत्पीड़ित समुदायों से शिक्षा प्राप्त करने और उत्पीड़न की जंजीरों से मुक्त होने का आग्रह करती हैं। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह का समर्थन करते हुए बाल विवाह के खिलाफ एक साथ अभियान चलाया। वर्ष 1873 में महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले ने समाज में व्याप्त ब्राह्मणवादी वर्चस्व, जातिगत भेदभाव और दहेज प्रथा के विरुद्ध एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पहला 'सत्यशोधक विवाह' प्रारंभ कराया। दूसरे शब्दों में कहें तो सत्यशोधक समाज (द ट्रुथ-सीकर्स सोसाइटी) की स्थापना 24 सितंबर, 1873 को ज्योतिराव-सावित्रीबाई और अन्य समान विचारधारा वाले लोगों द्वारा की गई थी।इस विवाह की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इसमें न तो दहेज लिया जाता था, और न ही किसी ब्राह्मण पुजारी की आवश्यकता पड़ती थी और न ही वेद–मंत्रों अथवा जटिल कर्मकांडों का पालन किया जाता था। सच तो यह है कि विवाह को एक सामाजिक समझौते के रूप में देखा गया, न कि धार्मिक कर्मकांड के रूप में।इस सत्यशोधक विवाह का उद्देश्य था-स्त्री–पुरुष समानता, सरलता और सामाजिक न्याय। इसमें दोनों पक्षों द्वारा समान शपथ ली जाती थी कि वे एक-दूसरे का सम्मान करेंगे, स्त्री को दासी नहीं बल्कि समान अधिकारों वाली साथी मानेंगे और जाति-आधारित भेदभाव का पालन नहीं करेंगे। यह विवाह व्यवस्था उस समय के समाज के लिए क्रांतिकारी विचार थी, क्योंकि इससे न केवल दहेज जैसी कुप्रथाओं पर चोट हुई, बल्कि ब्राह्मणवादी धार्मिक एकाधिकार को भी खुली चुनौती मिली।इस पहल ने विवाह संस्था को मानवीय, नैतिक और समानतावादी मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया और आगे चलकर समाज सुधार आंदोलनों के लिए एक मजबूत वैचारिक आधार बना। सत्यशोधक विवाह आज भी सामाजिक सुधार और समानता की दिशा में फुले दंपति की दूरदर्शिता का सशक्त उदाहरण माना जाता है।

## सू- दोकू क्र. 277

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 276 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -277


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 276 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## राशिफल

मेष राशिः मेष राशि के लिए आज शुक्रवार का दिन उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहने वाला है। आपको आज नौकरी में कोई लाभदायक मौका मिलेगा। दोस्तों से आप सहयोग पाएंगे।

वृषभ राशिः वृषभ राशि के लिए आज शुक्रवार का दिन रोमांटिक रहेगा। आपको आज प्रेमी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलगा। नौकरी में आपका दिन आज उत्साहवर्धक रहेगा। आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी आर्थिक लाभ मिलेगा। बिजनेस में आज कमाई से आपका मन प्रसन्न होगा। आपको आज करियर में कुछ नए अवसर भी प्राप्त होगे।

मिथुन मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आज चंद्रमा का गोचर आपकी राशि में होने से आपको अपनी कार्ययोजना का लाभ मिलेगा। कुछ नए अवसर भी मिलेंगे। पहले से चली आ रही आपकी समस्याओं का समाधान होगा। आप कोई नया काम भी आज शुरू कर सकते हैं। कोई मित्र या सहकर्मी आपका मदद कर सकता है।

कर्क आज साल का पहला शुक्रवार कर्क राशि के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज सेहत के साथ ही साथ अपने खर्च पर भी ध्यान देने की जरूरत है। आपको आज कुछ अनचाहे खर्च भी करने होंगे। पारिवारिक जीवन में आज आपका कुछ उलझन का सामना करना होगा। किसी मित्र या सगे संबंधी की वजह से आपको मानसिक तनाव मिल सकता है।

सिंह सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ मंगलकारी रहेगा। आपको पिता और घर परे वरिष्ठजनों से सहयोग मिलेगा। कोई पुरानी चाहत आपकी पूरी होगी। आर्थिक लाभ का भी संयोग बनेगा। लेकिन आपको आज जोखिम वाले काम से बचना होगा। अगर आपने पूर्व में कुछ निवेश किया है तो इसका भी आपको फायदा मिल सकता है।

कन्या कन्या राशि के लिए आज का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज आर्थिक लाभ मिलेगा। और आपका कामकाज भी आज अच्छा चलेगा। नौकरी में आपको आज कुछ नए अवसर मिलेंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सहयोग और प्रोत्साहन मिलेगा। आप आज बिजनेस में भी कुछ नया कर पाएंगे।

तुला तुला राशि के जातको के लिए आज शुक्रवार का दिन भाग्यशाली रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में साहसिक फैसले से लाभ मिलेगा। नौकरी में आज आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। विपरीतलिंगी सहकर्मियों से आपको सहयोग मिलेगा। आप किसी शुभ काम में भाग लेंगे। यात्रा का भी आज संयोग बन सकता है।

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज का दिन उलझन भरा हो सकता है। आपके ऊपर आज काम का दबाव रहेगा। कुछ अटके पुराने काम को भी निपटाना होगा। भाइयों से आपको आज तालमेल बनाकर रखना होगा। किसी बात को लेकर जीवनसाथी से आज मतभेद भी होने की आशंका है।

धनु राशिः धनु राशि के जातको के लिए आज चंद्रमा का गोचर शुभ रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ का मौका मिलेगा। आप आज अपनी बुद्धि और कार्यकुशलता से कार्यक्षेत्र में सफलता पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको प्रोत्साहन मिलेगा।

मकर राशिः मकर राशि,अनचाहे खर्च आज होंगे आज का दिन मकर राशि के जातको के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज विरोधियों और शत्रुओं से सतर्क रहना होगा। बैंकिंग से संबंधित काम में आपको आज सफलता मिलेगी। आपका पैसा फंसा है तो वह आपको वापस मिल सकता है।

कुंभ राशिः कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा है। आपकी किसी दुविधा और उलझन का समाधान होगा। आप आज किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपको मान प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। आप आज चतुर बुद्धि से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। कोई मित्र या परिचित आपकी आज मदद कर सकता है।

मीन राशिः मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन नई उम्मीद लेकर आया है। आपको आज अपने कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा मौका मिलेगा। अधिकारी वर्ग के साथ साथ आपको आज सहकर्मियों से भी पूरा सहयोग मिलेगा। आपको आज बिजनेस में लाभ मिलेगा।

विश्लेषण

# देश को कहाँ ले जायेंगे ये नफ़रती संस्कार ?

**निर्मल रानी**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गत 9 दिसंबर को कुछ स्थानीय युवकों द्वारा अगरतला (त्रिपुरा) के निवासी 24 वर्षीय अंजेल चकमा नामक एक छात्र पर जानलेवा हमला



किया गया। हमले के बाद 17 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत रहने के बाद गत 26 दिसंबर को आख़िरकार उसकी मृत्यु हो गई। चकमा, देहरादून स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र थे। ख़बरों के अनुसार देहरादून में अंजेल चकमा की मौत एक कथित नस्लीय हमले के कारण हुई। बताया जाता है कि 9 दिसंबर को जब अंजेल और उनके 21 वर्षीय छोटे भाई माइकल चकमा पास के सेलाकुई इलाक़े में किराने का सामान ख़रीदने गए थे उसी समय उनके चेहरों को देखकर हमलावरों ने उन्हें नस्ली गालियां दीं। बताया जाता है कि घटनास्थल पर क़रीब छह लोगों का एक समूह, जो पास में ही पहले से किसी के जन्मदिन का जश्न मना रहा था, ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उनपर नस्ली टिप्पणियां करते हुये उनपर "चिंकी", "चीनी" और "मोमो" जैसी टिप्पणी की। जबकि एक आरोपी ने कहा कि "ओये चीनी, क्या सूअर का मांस ख़रीदने आए हो ?" माइकल ने इसका विरोध किया, तो एक आरोपी ने उन्हें ब्रेसलेट से सिर पर मारा। अंजेल ने अपने भाई की रक्षा करने की कोशिश की और शांतिपूर्वक कहा, "हम चीनी नहीं हैं... हम भारतीय हैं। क्या प्रमाण-पत्र दिखाएं कि हम भारतीय हैं?" लेकिन नफ़रती संस्कारों में डूबे गुंडों के इस समूह ने हिंसक रूप से उनपर हमला कर दिया। यज्ञ अवस्थी नामक मुख्य आरोपी ने अंजेल की गर्दन और पीठ पर तेज़ हथियार से वार किया, जिससे वे गिर पड़े। माइकल भी घायल हुए, लेकिन उन्होंने अंजेल को पास के अस्पताल पहुंचाया। अंजेल की हालत गंभीर थी—उनकी गर्दन और स्पाइन में गहरी चोटें थीं—आख़िरकार वे कभी पूर्ण चेतना में वापस नहीं आए और नफ़रत के सौदागरों ने एक होनहार भारतीय छात्र की हत्या कर उसके परिवार को अंधकार में धकेल दिया। निश्चित रूप से इस घटना ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों के ख़िलाफ़ उपजी नस्लवाद की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। इस घटना को लेकर त्रिपुरा सहित देश के विभिन्न राज्यों व शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

हालाँकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विकास को लेकर तरह तरह की बातें करते रहते हैं, परन्तु हक़ीक़त यही है कि गत कुछ वर्षों में इसी देव् भूमि में सत्ता संरक्षित धर्म जाति आधारित नफ़रती घटनाओं में भी काफ़ी बढ़ोतरी हुई है। उदाहरण के तौर पर अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड के पुरोला क़स्बे में एक 14 वर्षीय लड़की के अपहरण के बाद 'लव जिहाद' का आरोप लगाकर हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़काये गये। मुस्लिम मकानों व दुकानों पर लक्षित हमले किये गये, कई परिवार शहर छोड़कर भागने को मजबूर हुये। इसी तरह हल्द्वानी में 2024 की बनभूलपुरा में अवैध मदरसे और मस्जिद के विध्वंस पर पथराव, आगज़नी और पेट्रोल बम फेंके जाने की घटना सबसे प्रमुख रही, जहां



6 लोगों की मौतें हुईं। 2025 में भी कश्मीरपुर और हल्द्वानी में साम्प्रदायिक तनाव देखा गया। राज्य में दलितों के विरुद्ध भी अनेक घटनायें होती रहती हैं। परन्तु समाज में धर्म जाति व क्षेत्र के नाम पर बढ़ती नफ़रतों के बीच इस राज्य को 'देव् भूमि' के रूप में भी प्रचारित किया जाता है। सवाल यह है कि उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य सहित देश के अन्य विभिन्न राज्यों में इस तरह के नफ़रत व हिंसा पैदा करने वाले हालात क्या अचानक पैदा हुए हैं या सत्ता के संरक्षण में इन नफ़रती संस्कारों को पोषित किया जा रहा है? उत्तराखंड की घटना के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दिये गये बयान से यह काफ़ी कुछ स्पष्ट हो जाता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुये कहा कि 'पूर्वोत्तर के लोगों के ख़िलाफ़ ऐसी घटनाएं अलग-थलग नहीं हैं और समाज को भेदभाव रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए। हम लोगों को इसके ख़िलाफ़ आवाज़ उठानी होगी। हमें मिलकर भेदभाव को रोकना होगा। भारत के किसी भी हिस्से के लोगों को हर जगह सुरक्षित महसूस करना चाहिए। उनकी मृत्यु बेहद दुखद है'। किरेन रिजिजू ने यह भी कहा कि 'देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध है'। उन्होंने आगे यह भी कहा कि 'ऐसी नफ़रत रातों रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोज़ाना, ख़ासकर हमारे युवाओं को, ज़हरीली सामग्री और ग़ैर -ज़िम्मेदाराना ख़बरों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। किसी का भी मज़ाक़ नहीं उड़ाया जाना चाहिए। कोई भी घटना देश के लिए दुखद घटना होती है। अगर देश में ऐसी कोई भी घटना होती है तो पूरे समाज को मिलकर उसके ख़िलाफ़ लड़ना चाहिए।' वहीं, राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी में कहा कि हम प्रेम और विविधता का देश हैं। हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए जो साथी भारतीयों को निशाना बनाए जाने पर अनदेखी करे। हमें यह सोचने और सामना करने की ज़रूरत है कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं ? अफ़सोस की बात तो यह कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा उत्तराखंड की घटना के बाद व्यक्त किये गये विचार उस समय सामने आये जब उनके अपने पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा की नस्लवादी नफ़रती लोगों द्वारा हत्या कर दी गयी ? जबकि लगभग एक दशक से देश में जगह जगह अल्पसंख्यकों,दलितों व पिछड़े वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जाता रहा है। लिंचिंग की घटनायें घटित हो रही हैं। जगह जगह उन्मादी भीड़ पुलिस की शह पर वर्ग विशेष के लोगों को निशाना बनाती रही है। जगह जगह उकसाऊ भाषण हो रहे हैं। कहीं हथियार बांटे जा रहे हैं। तो कहीं संवैधानिक पदों पर बैठे लोग स्वयं अपने ज़हरीले बोलों से समाज में हिंसा व नफरत बढ़ा रहे हैं। निःसंदेह गोदी मीडिया भी इस नफ़रती वातावरण को और भी ज़हरीला बना रहा है। ऐसे में रिजिजू की चिंताओं के अनुसार भारत के किसी भी हिस्से के लोगों का स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करना कहां संभव हो पा रहा है ? इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि आख़िर देश को कहाँ ले जायेंगे ये नफ़रती संस्कार ?

**एक नजर**

## पुलिस ने नए वर्ष में गुम हुए 70 मोबाइल मालिकों को वापस लौटाये



**दंतेवाड़ा, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले की पुलिस ने नए वर्ष पर जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए थे। उनके मोबाइल को तलाश कर वापस कराया है। शहर के पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सायबर सेल नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे गुम मोबाइल तलाश अभियान के तहत कुल 70 मोबाइल,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रुपये है, उसे नागरिकों को वापस लौटाया गया। दंतेवाड़ा पुलिस ने आम नागरिकों की सुगमता के लिए सायबर हेल्प लाइन नम्बर 9479151665 जारी किया गया है । वही भारत सरकार के 1930 हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सायबर हेल्पलाइन दन्तेवाड़ा के नाम से व्हाटसप अकाउंट भी बनाया गया है जिसमें आम नागरिक अपने शिकायत व्हाटसप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। सायबर अपराध होने की स्थिति में 24ङ्ग7 सायबर हेल्पलाइन एवं क्यूआर कोड को स्कैन कर घर बैठे सम्पर्क कर अपने साथ हुए किसी भी तरह के सायबर अपराध की शिकायत दर्ज करने के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

## नगर निगम जगदलपुर ने 31 दुकानों की नीलामी के लिए टेंडर आमंत्रित किया

**जगदलपुर, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्थित दुकानों एवं एक हाल की नीलामी बंद लिफाफा प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। इसके लिए निविदा प्रपत्र लेने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। नगर निगम द्वारा जिन स्थानों के लिए टेंडर आमन्त्रित किए गए हैं, उनमें - संजय मार्केट की 8 छोटी दुकानें, लालबाग के पास स्थित एक हाल, पुराना बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स, बैला कोठा कॉम्प्लेक्स, गीदम रोड गुंडाधुर पार्क के बाजू की दुकानें, नया बस स्टैंड परिसर के पीछे स्थित दुकानें शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति निविदा से संबंधित अधिक जानकारी नगर निगम के राजस्व विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। यह टेंडर प्रक्रिया महापौर संजय पांडे एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के निर्देश पर तथा आयुक्त प्रवीण वर्मा के मार्गदर्शन में जारी की गई है। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निविदा फार्म लेने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 है ठीक है और निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 समय शाम 04 बजे रखा गया है तथा कुल 31 दुकानों के लिए निविदा आमंत्रित की गई है।

## जिले में अब तक 2 लाख 56 हजार मेट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हुई

**कांकेर, 2 जनवरी ।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों से धान खरीदा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 2 लाख 56 हजार 850 मेट्रिक टन धान किसानों से खरीदा जा चुका है। इसमें 2 लाख 54 हजार 646 मेट्रिक टन मोटा धान तथा 2 हजार 073 मेट्रिक टन पतला और 131 मेट्रिक टन सरना वैरायटी का धान शामिल है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार धान के परिवहन, भण्डारण तथा विक्रय की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए 13 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा धान की अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु गठित टीमों के द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है।

## स्नेह सदन वृद्धाश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया

**कोरबा 2 जनवरी।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा कोरबा नगर के स्नेह सदन वृद्धाश्रम मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी वृद्ध जनों को विभिन्न जांच करते हुए चिकित्सा लाभ पहुँचाया गया एवं उन्हें आवश्यक दवाइयां, च्वनप्राश वितरित की गई। साथ ही रोग मुक्त रहने के लिए नियमित योग करने एवं खान पान पर विशेष ध्यान देने हेतु जागरूक किया गया।

# सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा, 2 जनवरी।** जिले में सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति के उद्देश्य से समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सखी केन्द्र दंतेवाड़ा के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर उपस्थित रहीं। उनके साथ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री संतोष गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारीगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में कुपोषण की दर में कमी लाना तथा एनीमिक गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाना है। इसके अंतर्गत गंभीर एवं मध्यम कुपोषित (एसएएम,एमएएम) बच्चों, संकटग्रस्त बच्चों तथा चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता वाली गर्भवती माताओं को विशेष समुदाय आधारित प्रयासों के माध्यम से लक्षित किया जाएगा।

अभियान के तहत सुपोषण दूत का चयन किया जाएगा, जो 70 प्रतिशत मध्यम कुपोषित एवं 30 प्रतिशत गंभीर कुपोषित बच्चों को गोद लेकर विभागीय योजनाओं एवं समुदाय के सहयोग से उनकी नियमित देखभाल करेंगे। बच्चों को सामान्य पोषण स्तर में लाने पर सुपोषण दूतों को प्रति बच्चा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार महिला स्व-सहायता समूहों को भी कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनकी देखभाल हेतु जोड़ा जाएगा, जिन्हें निर्धारित मानदेय के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कुपोषण के प्रभावी प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर प्रबंध समिति का गठन किया गया है। साथ ही कुपोषित बच्चों को स्थानीय निधि से पोषण आहार उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के संभागीय सलाहकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा महिला स्व-सहायता समूहों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# आड़ावाल में 9 और 10 जनवरी को होगी स्कूल बसों और चालकों की सघन जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 2 जनवरी ।** स्कूली बच्चों के सुरक्षित सफर को सुनिश्चित करने और उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एक विशेष अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने जगदलपुर में दो दिवसीय सघन जांच शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है, जिसमें जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों की बारीकी से पड़ताल की जाएगी।

परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशों के तहत यह विशेष शिविर नए साल की शुरुआत में यानी आगामी शुक्रवार 9 और शनिवार 10 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। आड़ावाल स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलने वाले इस महा-अभियान में स्कूल बसों के भौतिक निरीक्षण के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी जांच की जाएगी । प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि सड़कों पर दौड़ने वाली स्कूल बसें यांत्रिक रूप से पूरी तरह फिट हों और उनमें सुरक्षा के सभी मानक पूरे हों । इस बार का अभियान केवल वाहनों की फिटनेस तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे और अधिक व्यापक रूप दिया गया है । शिविर के दौरान बस ड्राइवरों और कंडक्टरों (परिचालकों) का स्वास्थ्य परीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चों को ले जाने वाले चालक शारीरिक और मानसिक रूप से वाहन चलाने में पूरी तरह सक्षम हैं। इसके अलावा, मौके पर ही दस्तावेजों की जांच की जाएगी और परिचालकों को लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण के लिए आवेदन भी जमा कराए जाएंगे। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए परिवहन विभाग ने एक समन्वित प्रयास की योजना बनाई है। आरटीओ ने जिला पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और नगर सेना के जिला अग्निशमन अधिकारी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे इस जांच शिविर के लिए अपने विभाग से प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति करें।

## नए वर्ष के पहले दिन सामूहिक न्यौता भोज में शामिल हुए कलेक्टर-एसपी



**कांकेर, 2 जनवरी।** नूतन वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिले में संचालित सभी शासकीय विद्यालयों में आज सामूहिक न्यौता भोज का वृहत आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति, पालकों में बहुत ही उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में शासकीय कन्या पुत्री प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में यह आयोजन किया गया, जिसमें जिले के कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, निखिल अशोककुमार राखेचा पुलिस अधीक्षक सम्मिलित हुए। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के साथ बैठकर सामूहिक रूप से न्यौता भोज किया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारी कर्मचारियों तथा नागरिकों से अपील की कि वे भी अपनी वर्षगांठ या परिवारजन के जन्मदिन पर शासकीय विद्यालयों में न्यौता भोज का आयोजन अवश्य करें। इससे परस्पर सौहार्द्रता एवं सकारात्मकता विकसित होती है। एसपी श्री राखेचा ने कहा कि वह पहली बार इस तरह के न्यौता भोज का हिस्सा बने जो कि यादगार रहा, साथ ही उन्होंने अपने जन्म दिन पर भी इस प्रकार के न्यौता भोज का आयोजन नौनिहाल बच्चों के साथ करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नव वर्ष 2026 के आगमन के उपलक्ष्य में जिले के सभी 1511 प्राथमिक शाला, 604 माध्यमिक शाला यानी कुल 2115 विद्यालयों में सामूहिक भोज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूली विद्यार्थियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण, शिक्षक आदि एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया जाता है। इस दौरान बच्चों को ब्लेजर, जूता मोजा, चॉकलेट और पौष्टिक भोजन प्रदान किया गया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा जिले के शैक्षणिक कैलेंडर 2026 का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## महापौर ने दिव्यांग रतिराम, यूनोर्स व दिलीप को प्रदान की ट्रायसिकल

**कोरबा 2 जनवरी ।** महापौर संजूदेवी राजपूत ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत गोपालपुर बस्ती निवासी रतिराम चैहान, रामपुर निवासी यूनोर्स राज व राताखार निवासी दिलीप कुमार को इलेक्ट्रिक ट्रायसिकल प्रदान की, उन्होने उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, वरिष्ठ नेत्री रूकमणी नायर, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी हरिश सक्सेना, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, मनोज राजपूत आदि उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गोपालपुर निवासी रतिराम चैहान व रामपुर निवासी यूनोर्स राज पैरो से दिव्यांग हैं तथा उन्हें कहीं भी आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, आज निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने श्री चैहान व श्री राज को इलेक्ट्रिक ट्रायसिकल प्रदान की। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने इन दिव्यांग हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

## तेज रफ्तार कार में पुलिस सायरन का दुरुपयोग किया, बाइक सवार युवकों ने भी मचाया हुड़दंग

**कोरबा 2 जनवरी ।** शहर में कानून का खुला उल्लंघन करते हुए कुछ युवकों द्वारा तेज रफ्तार कार में पुलिस सायरन का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। यह घटना उद्योग एवं श्रम मंत्री के निवास क्षेत्र के मुख्य मार्ग से दर्री की ओर जाते समय की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रही कार का नंबर न तो किसी शासकीय वाहन का है और न ही उस पर टैक्सी परमिट पाया गया है। इसके बावजूद युवक सायरन बजाते हुए तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह कार पहले भी कई बार सड़कों पर इसी तरह सायरन बजाते हुए देखी गई है। आम लोग इसे किसी बड़े अधिकारी या जनप्रतिनिधि का वाहन समझकर रास्ता दे देते हैं, जबकि इसमें सामान्य युवक सवार होते हैं।

**बाइक सवारों ने भी मचाया उत्पात:** इसी तरह देर रात घंटाघर मुख्य मार्ग पर तीन बाइक सवार युवक हूटर और लाउडस्पीकर के जरिए सायरन बजाते हुए हुड़दंग मचाते दिखे। इनमें दो एक्टिवा और एक बाइक शामिल थी, जिन पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी। सुभाष चैक से घंटाघर होते हुए ये युवक रवि शंकर मुख्य मार्ग की ओर निकल गए, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी हुई। बताया जा रहा है कि इन युवकों की ऐसी हरकतें पिछले कुछ दिनों से लगातार देखी जा रही हैं। इनके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसके बाद आम नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है। शहर में ब्लैक फिल्म लगी कारों का भी सड़कों पर बेखौफ दौड़ना देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस को ऐसे वाहनों और युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, वारंटियों की धरपकड़, तीन सवारी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# दंतेवाड़ा में पुनर्वासितों को समाज से जोड़ने की बड़ी पहल

■ **लाइवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण के बाद वेलकम किट एवं टूल किट का वितरण**



**दंतेवाड़ा, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की पुनर्वास नीति के अंतर्गत पुनर्वासितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दंतेवाड़ा जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में हिंसा का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा में शामिल होने वाले पुनर्वासितों के लिए रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इस क्रम में आज लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में वेलकम किट एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 147 पुनर्वासितों को आवश्यक टूल किट प्रदान की गई, जिससे वे स्वरोजगार अपनाकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें।

प्रशिक्षणार्थियों को इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सोलर पैनल ऑपरेटर सहित अन्य तकनीकी एवं आजीविका आधारित ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत संबंधित ट्रेड्स की टूल किट प्रदान की गई, ताकि वे अपने कौशल का व्यावहारिक उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव रॉय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम विशिष्ट अतिथि, प्रभारी अधिकारी लाइवलीहुड राजीव कुजूर, सहायक संचालक कौशल विकास, अमित वर्मा, प्राचार्य लाइवलीहुड हरीश सिन्हा, डीएसपी नसर उल्ला सिद्दीकी, डीएसपी विशाल कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को वेलकम किट एवं टूल किट का वितरण किया गया।

## व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत समिति गठन करना अनिवार्य

**कोरबा 2 जनवरी ।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में तथा महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए जिला प्रशासन सजग है। ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर-शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोजरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो, जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत है वहां अधिनियम के धारा 04 के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। समिति में महिला जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर के हो अध्यक्ष होगी, कर्मचारियों में से महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध अथवा सामाजिक कार्य में अनुभव रहने वाली 02 सदस्य व गैर शासकीय संगठन, संघ से 01 सदस्य होगें, आधे से अधिक महिलाएं सदस्य हो सकती है। समिति का कार्यकाल 03 वर्ष का होगा। समिति का गठन नही होने पर अधिनियम की धारा 26 के अंतर्गत 50 हजार रूपये का जुर्माने का प्रावधान है।

उल्लेखनीय है कि महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 22553/2023 में नियमित सुनवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा इस पर सभी कार्यालय, व्यवसायिक प्रतिष्ठान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां समिति का गठन अनिवार्य है। अतः जिले के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में समिति गठन कर उसेपोर्टल में ऑनबोर्ड कर आंतरिक शिकायत समिति के पदाधिकारियों का विवरण एण्ट्री करना अनिवार्य है।

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन और जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक**

# सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी: विधायक चैतराम अटामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा, 2 जनवरी।** जिले में 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ आज सिटी कोतवाली परिसर में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री चैतराम अटामी सहित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री गुप्त कैलाश मिश्रा, एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री संतोष गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक श्री चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन कर हम अनेक दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने सड़क सुरक्षा माह को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन और जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश गांव-गांव और स्कूल स्तर तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात से न केवल जीवन की रक्षा होती है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक क्षति को भी रोका जा सकता है। इसके लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और नागरिकों का सहयोग जरूरी ळें इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी तथा नागरिकों से सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्री नसर उल्ला सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जाएगा। इस दौरान जिले भर में प्रतिदिन सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आम नागरिकों, वाहन चालकों, स्कूली विद्यार्थियों एवं युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उद्बोधन के पश्चात यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री राठौर, सहायक उप निरीक्षक श्री त्रिपाठी एवं प्रधान आरक्षक श्री थानसिंह देशमुख द्वारा यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को उपकरणों की जानकारी दी गई। इसके पश्चात यातायात जागरूकता ÷अंजोर रथ÷ एवं बाइक रैली को विधायक श्री अटामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी सहित जिला परिवहन अधिकारी श्री गौरव पाटले तथा मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## 11 वीं की छात्रा सृष्टिकांत ने बढ़ाया जिले का मान

**कोरबा 2 जनवरी।** प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में11 वीं की छात्रा कुमारी सृष्टिकांत नेराज्य स्तरीय युवा महोत्सव में नवाचार विज्ञान मॉडल बनाकरप्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस कार्य के लिए उन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। बिलासपुर स्थित स्टेडियम में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें कोरबा के 18 विधाओं में चयनित विद्यार्थियों /प्रतिभागियों की टीम भी हिस्सा बनी ।जिसमें तीन विधाओं क्रमश: नवाचार विज्ञान मॉडल, एकांकी नाटक ,छत्तीसगढ़ी वेशभूषा विषय पर शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय कोरबा की 13 सदस्य टीम ने भी भाग लिया। नवाचार विज्ञान मॉडल म्समबजतवेजंजपब चतमबपचपजंजवत इेंमक ।पत चनतपपिबंजपवद नेपदह ।बजपअंजमक बंतइवदविषय पर कुमारी सृष्टिकांत कक्षा ग्यारहवीं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । इस शानदार उपलब्धि के लिए छात्रा कुमारी सृष्टिकांत को महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका के करकमलों से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### कलेक्टर ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**रायगढ़, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज शहर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर में बढ़ते यातायात दबाव और नागरिक सुविधाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय तथा नगर निगम की तकनीकी टीम के साथ ट्रक पार्किंग स्थल एवं पुराने सारंगढ़ बस स्टैंड का अवलोकन किया। उन्होंने दोनों स्थलों पर आम नागरिकों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग व्यवस्था, आवागमन एवं मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शहर की व्यावसायिक आवश्यकताओं को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे स्थल का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएं, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और शहर का विकास सुव्यवस्थित रूप से हो।

### कोतरलिया विद्यालय में एसबीआई ने किया 10 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण



**रायगढ़, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतरलिया, रायगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंधित 10 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र रावत ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफइंडिया ने नैतिक एवं टिकाऊ विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कारपोरेट सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए हैं। बैंक की यह पहल केवल मुनाफा कमाने तक सीमित न होकर समाज, शिक्षा और पर्यावरण को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्रित है। इसी क्रम में शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से एसबीआई निरंतर सामाजिक योगदान दे रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में एसबीआई बैंक ने कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत ने गत दिवस आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 7 मेधावी छात्रों को को नि:शुल्क लैपटॉप वितरित किए है जिन्होंने 10वीं पास की है और उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### धमतरी में फसल चक्र परिवर्तन व मृदा स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**धमतरी, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धमतरी जिले में फ़सलचक्र परिवर्तन केतहत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना अंतर्गत कुरूद के गातापार में किसानों को स्वाइल हेल्थ कार्ड का वितरण सरपंच, पंच, सचिव की उपस्थिति में किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग कर मृदा में फसल अनुसार संतुलित मात्रा में खाद उर्वरकों का उपयोग कर मृदा की स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बनाया जा सकता हैं और कम उर्वरकों के उपयोग से फसल उत्पादन को कैसे बढ़ाया जा सकता है साथ ही रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कैसे कम किया जा सकता हैं इसके बारे में किसानों को जानकारी दिया गया। फसल चक्र परिवर्तन से मृदा में होना वाले सुधार के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए फसल चक्र अपनाने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। धरती माता बचाव अभियान के तहत ग्राम भेंड़ा में कृषकों को जानकारी दिया गया।प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड योजना के अंतर्गत प्रदर्शन में कृषकों को जिंक सल्फेट माइकोर्रहिज़ा एवं माइक्रोन्यूट्रिएंट का वितरण किया गया एवं मृदा स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए कृषकों को नाइट्रोजन जिंक, पोटाश एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों का जानकारी दिया गया।

### समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा कर कलेक्टर ने कहा

# पूरी पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ धान खरीदी कार्य करें

- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं
- रेडी-टू-ईट इकाइयों में उत्पादन प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 जनवरी।** जिले में शासन की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनहित कार्यों में अपेक्षित गति लाने तथा प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला कलेक्टोरेट में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभागवार लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को समन्वय, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में अब तक हुई कुल धान खरीदी, धान विक्रय करने वाले किसानों की संख्या, शेष किसानों की स्थिति, टोकन व्यवस्था, धान उठाव, बारदाना उपलब्धता, मानव संसाधन तथा रकबा एवं टोकन सत्यापन की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम एवं नोडल अधिकारी क्षेत्र स्तर पर नियमित निरीक्षण करते हुए सतत निगरानी रखें। रकबा एवं टोकन सत्यापन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिले। उन्होंने धान उठाव की गति बनाए रखने, भुगतान प्रक्रिया को सुचारु रखने तथा उपार्जन केंद्रों के आसपास यातायात



व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में संचालित जल संरक्षण कार्यों को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए सभी जनपद सीईओ को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी पांच माह में जल संरक्षण से संबंधित कार्यों में ठोस प्रगति दिखाई देनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अन्य जिलों में किए जा रहे सफल नवाचारों का अध्ययन कर जिले की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त मॉडल अपनाने के निर्देश दिए, जिससे जल स्तर में सुधार लाया जा सके। कलेक्टर ने जिले में पर्यटन स्थलों के चिन्हांकन एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जिले के लिए की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्माण विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों, तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता नियमों के अनुरूप पूरे किए जाएं। उन्होंने नियमित निरीक्षण, समय-समय पर परीक्षण तथा प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले की कार्यप्रणाली पर सतत नजर रखने तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत रेडी-टू-ईट इकाइयों की समीक्षा करते हुए जिन इकाइयों का शुभारंभ हो चुका है, वहां इस उत्पादन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही सीजीएमएससी द्वारा निर्मित क्रिटिकल केयर यूनिट सहित स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने और खाद्य एवं औषधि विभाग को नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# अब तक 42 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान, 2.58 लाख मीट्रिक टन खरीदी

### धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से जारी, उपार्जन केंद्रों से 1.37 लाख मीट्रिक टन का उठाव





- किसानों को ऑनलाइन टोकन से सुविधा, प्रशासन की लगातार कड़ी निगरानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 जनवरी।** शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-केंद्रित तरीके से लगातार जारी है। जिले के 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 42 हजार से अधिक किसानों ने अपनी उपज का विक्रय किया, जिससे कुल 2 लाख 58 हजार 683.88 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। धान खरीदी के साथ-साथ उपार्जित धान का समयबद्ध और प्रभावी उठाव भी सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक उपार्जन केंद्रों से 1 लाख 37 हजार 143.90 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जिससे केंद्रों में भंडारण और खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित और निर्बाध बनी हुई है।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से किसान आसानी से टोकन लेकर धान विक्रय कर कर रहे हैं, जिससे लंबी कतारों और प्रतीक्षा समय में कमी आई है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। कोचियों और बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि वास्तविक किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। टोकन प्राप्त करने से लेकर धान तौल एवं भुगतान प्रक्रिया तक किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

### जिला पर्यटन समिति के प्रयास से

# नववर्ष पर सैलानियों से गंगरेल बांध परिसर रहा गुलजार

- चार दिवसीय न्यू ईयर फेस्ट का भव्य आगाज
- संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का संगम: गंगरेल न्यू ईयर फेस्ट में उमड़ा जनसैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 2 जनवरी।** नववर्ष 2026 के स्वागत में जिला पर्यटन समिति, धमतरी द्वारा गंगरेल बांध परिसर में चार दिवसीय भव्य ÷न्यू ईयर फेस्ट÷ का शुभारंभ आज हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह उत्सव 1 जनवरी से 4 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 7 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं।

नववर्ष के पहले ही दिन गंगरेल बांध परिसर उत्सवमय माहौल से सराबोर नजर आया। धमतरी सहित आसपास के जिलों से पहुंचे सैलानी हिंदी फिल्मी गीतों एवं छत्तीसगढ़ी लोकधुन ÷महुआ झरे÷ की मधुर धुनों पर झूमते नजर आए। बच्चों, युवाओं, युवतियों तथा परिवार के साथ आए पर्यटकों ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया और इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

भिलाई से गंगरेल भ्रमण पर आए तुषार एवं भूमिका राजपूत ने बताया कि जिला पर्यटन समिति द्वारा किया गया यह आयोजन अत्यंत व्यवस्थित, सुरक्षित एवं मनोरंजक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति से भी लोगों को परिचित कराते हैं। वहीं रायपुर, दुर्ग एवं कांकेर से आए पर्यटकों ने भी गंगरेल की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सराहना की।

इस न्यू ईयर फेस्ट का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल गंगरेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहित करना, क्षेत्रीय संस्कृति को मंच प्रदान करना तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। उत्सव के अंतर्गत संगीत कार्यक्रम, लाइव डीजे, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, फूड स्टॉल, मनोरंजन गतिविधियाँ एवं बोनफायर जैसे विशेष आकर्षण शामिल किए गए हैं, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्सव के दौरान प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार, ट्रॉफी, विशेष पुरस्कार एवं सरप्राइज रिवॉर्ड की भी व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों का उत्साह और अधिक बढ़ा है।

गंगरेल बांध की मनोहारी प्राकृतिक छटा के बीच आयोजित यह न्यू ईयर फेस्ट नववर्ष को यादगार बनाने का एक अनूठा अवसर सिद्ध हो रहा है। जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन समिति ने नागरिकों एवं पर्यटकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर उत्सव का आनंद लेने तथा धमतरी जिले की पर्यटन छवि को और अधिक सशक्त बनाने की अपील की है।




# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत: कलेक्टर

- कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न
- ब्लैक स्पॉट' से सौ मीटर पूर्व संकेतक लगाये जाने चाहिए
- पुलिस अधीक्षक परिहार ने नागरिकों से हेलमेट व सुरक्षा सीट बेल्ट लगाकर नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की
- बैठक के बाद भखारा सड़क पर संभावित सड़क दुर्घटना पॉइंट का निरीक्षण किया, स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रीप लगाने के निर्देश दिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 2 जनवरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर बल दिया। वहीं जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक सिग्नल और अन्य अधोसंरचना कार्यो को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा, साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने पर बल दिया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने यातायात नियमों का पालन एवं सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले जंक्शन पॉइंट पर गति अवरोध के लिए मानक रंबल स्ट्रिप बनाने पर बल दिया। इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये कहा। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए लोगों को हेलमेट पहनने लगातार प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए जो यातायात नियमों का पालन नहीं करते है।*कलेक्टर ने कहा कि नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे में दुर्घटना के नियंत्रण के लिए पेट्रोलिंग वाहन लगातार चलते रहे। ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रखें।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एवं महिला सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

# सड़क सुरक्षा में नियमों का पालन और महिला सुरक्षा में सामुदायिक सहभागिता आवश्यक : देवेंद्र प्रताप सिंह

- राज्यसभा सांसद, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- सुरक्षित सड़क व सुरक्षित समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण : कलेक्टर
- सड़क दुर्घटनाओं में कमी और महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करना अभियान का मुख्य उद्देश्य- पुलिस अधीक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**रायगढ़, 2 जनवरी।** जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एवं महिला सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग को प्रोत्साहित करना है। वहीं राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित 11 दिवसीय महिला सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी सुरक्षा, पुलिस सहायता, शिक्षा, डिजिटल सुरक्षा, स्वास्थ्य, परामर्श सेवाओं, कौशल विकास एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रायगढ़ तेजी से औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है, जिससे यातायात का दबाव भी बढ़ा है। ऐसे में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और अधिक आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाने, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करने तथा मोबाइल फोन के प्रयोग के कारण होती हैं। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वालों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने महिला सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा पर विशेष सतर्कता आवश्यक है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में वाहनों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं नियमों का पालन करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने महिला सुरक्षा पर कहा कि महिला समाज की रीढ़ है। जब महिला सुरक्षित होती है, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र सुरक्षित होता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और महिला सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि वर्ष 2025 में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में जिन लोगों की मृत्यु हुई, उनमें सर्वाधिक संख्या दोपहिया वाहन चालकों की रही। तेज गति, बिना हेलमेट वाहन चलाना और लापरवाही इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में महिला थाना की स्थापना महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जहां महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे और सुरक्षित रूप से दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में पुलिस पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से सहयोग करेगी।

कार्यक्रम में रायगढ़ सीएसपी मयंक मिश्रा ने उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग, गति सीमा के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सड़क संकेतों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राहवीर योजना अंतर्गत गोल्डन ऑवर में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले चंद्रकुमार पटेल, कमलेश सिदार, हरिशंकर साव, दिलीप वैष्णव एवं विशीकेशन राठिया को सम्मानित किया गया। वहीं महिला सुरक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली श्रीमती जस्सी फिलिप, श्रीमती शिला देवी, श्रीमती पद्मावती पटेल, श्रीमती लक्ष्मी राठिया एवं श्रीमती उमा डनसेना को भी सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही ऑटो चालकों को पर्सनल आईडी एवं विशेष सीरियल नंबर प्रदान करने वाले सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### फोरलेन को मंजूरी पर पालिका अध्यक्ष ने टंक राम वर्मा को बधाई देते हुए किया आभार व्यक्त



**तिल्दा नेवरा 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आरंग से तिल्दा होते सिमगा तक फोरलेन को मंजूरी, मिलने पर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने कार्यकर्ताओं ओर नगरवासियों की ओर से मुख्य मंत्री विष्णुदेव सहाय उप मुख्य मंत्री अरुण साव एवं बलौदा बाजार के विधायक कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है राज्य सरकार द्वारा आरंग सिमगा फोरलेन को मंजूरी दे दी है जिसके लिए राशि की भी घोषणा कर दी गई उक्त घोषणा के बाद तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला डॉक्टर खुमान वर्मा ने मंत्री टंकराम वर्मा सहित उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि इससे यातायात दुरुस्त होगा और लोगों को सुविधा मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भर्ती 2023-24 के लिए दस्तावेज सत्यापन की समय-सारणी जारी

**रायपुर, 2 जनवरी।** छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल अंतर्गत मेल नर्स, फीमेल नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, ड्रेसर एवं कम्पाउंडर पदों की भर्ती प्रक्रिया 2023-24 के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन की समय-सारणी जारी कर दी गई है। अध्यक्ष, भर्ती समिति छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रक्रिया भर्ती केंद्र- 4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना, जिला रायपुर में आयोजित की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को अपने-अपने पद एवं रोल नंबर के अनुसार निर्धारित तिथि को प्रातः 8:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। दस्तावेज सत्यापन क्रमशः 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर 2 फरवरी 2026 तक चलेगा। समय-सारणी के अनुसार मेल नर्स पद के लिए 12 एवं 13 जनवरी 2026 को, फीमेल नर्स पद के लिए 14 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक, लैब टेक्नीशियन के लिए 22 जनवरी 2026 को तथा फार्मासिस्ट पद के लिए 23, 27, 28 एवं 29 जनवरी 2026 को दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। वहीं नर्सिंग असिस्टेंट एवं ड्रेसर पद के अभ्यर्थियों का सत्यापन 30 जनवरी 2026 को एवं कम्पाउंडर पद के अभ्यर्थियों का 2 फरवरी 2026 को किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रवेश पत्र संबंधित तिथि से 10 दिन पूर्व जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक वेबसाइटwww.cgpolice.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### नव वर्ष के पहले दिन खिले 100 नागरिकों के चेहरे, लंबे समय से गुम मोबाइल लौटाए गए

**रायपुर, 2 जनवरी।** वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर कोरबा में शहर और दूरस्थ अंचलों से गुम हुए मोबाइल को साइबर सेल द्वारा ट्रेस किया गया। आज आयोजित कार्यक्रम में ऐसे सभी 100 मोबाइल को वापस लौटाया गया। खोई हुई वस्तुओं को लौटाना सिर्फ़ एक प्रक्रिया नहीं–यह नागरिकों के प्रति सरकार की जिम्मेदारी और उनके विश्वास को लगातार सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# अस्पताल की दहलीज पर अब परिजनों को मिलेगा घर जैसा सुकून : साय सरकार की एक संवेदनशील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 2 जनवरी।** जब कोई गंभीर बीमारी घर में दस्तक देती है, तो पूरा परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से टूट जाता है। ऐसे वक्त में दूर-दराज के गांवों से शहर आने वाले गरीब परिवारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती इलाज के साथ-साथ खुद के ठहरने की होती है। अक्सर मरीज तो वार्ड में इलाज करा रहा होता है, लेकिन उसके अपने लोग अस्पताल के गलियारों, ठंडी सीढ़ियों या खुले आसमान के नीचे रातें गुजारने को मजबूर होते हैं। इसी मानवीय पीड़ा को महसूस करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बहुत ही प्रशंसनीय कदम उठाया है। अब राज्य के सरकारी




मेडिकल कॉलेजों में मरीजों के परिजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त 'विश्राम गृह' बनाए जाएंगे, ताकि किसी भी मजबूर आंख को रात बिताने के लिए सुरक्षित छत की तलाश में भटकना न पड़े। इस नेक काम को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में मंत्रालय नवा रायपुर में मेडिकल एजुकेशन विभाग और सेवादान आरोग्य फाउंडेशन के बीच एक एमओयू संपादित हुआ है। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री खुशवंत साहेब , स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया, चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त श्री रितेश अग्रवाल सहित सेवादान फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित थे। इस समझौते की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इन आश्रय स्थलों के निर्माण, सजावट और उनके रोजमर्रा के संचालन का पूरा जिम्मा संस्था खुद उठाएगी। इसका सीधा मतलब यह है कि सरकार और संस्था मिलकर एक ऐसा मानवीय ढांचा तैयार कर रहे हैं जहाँ परिजनों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहद किफायती ठहराव मिलेगा। इन विश्राम गृहों में केवल सिर छुपाने की जगह ही नहीं मिलेगी, बल्कि अपनों की सेवा में लगे लोगों के लिए 24 घंटे सुरक्षा, सीसीटीवी की निगरानी, साफ-सुथरा भोजन और एक गरिमामय माहौल भी सुनिश्चित किया जाएगा।योजना के पहले पड़ाव में रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों के मेडिकल कॉलेजों को चुना गया है, जहां दूरस्थ अंचलों से बड़ी संख्या में लोग उम्मीद लेकर पहुँचते हैं। यह पहल दिखाती है कि स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ दवा और डॉक्टर तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनमें उन लोगों के लिए भी जगह होनी चाहिए जो अपने बीमार परिजनों के लिए संबल बनकर साथ खड़े रहते हैं। यह कदम न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देगा, बल्कि उन हजारों परिवारों को एक बड़ी मानसिक राहत भी पहुँचाएगा जिनके पास शहर में रहने का कोई ठिकाना नहीं होता। इलाज सिर्फ दवाओं से नहीं, अपनों के साथ और सुकून से भी होता है।छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को नया विस्तार मिलने जा रहा है। इस रूप के तहत राज्य के मेडिकल कॉलेजों में मरीजों के परिजनों के लिए बेहतर और सुविधाजनक 'विश्राम गृह' बनेंगे जो 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' के आधार पर संचालित होंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवालराज्य सरकार का उद्देश्य केवल बेहतर इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि मरीजों के साथ आने वाले परिजनों की गरिमा और सुविधा का भी ख्याल रखना है।

### फरवरी में छत्तीसगढ़ में होगा आयोजन, देशभर के जनजातीय खिलाड़ी 7 खेलों में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स के लिए मशाल गौरव यात्रा को दिखाई हरी झंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 2 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स के प्रचार-प्रसार के लिए मशाल गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रचार-प्रसार के लिए यह वाहन राज्य के सभी जिलों में जाएगी। आयोजन के शुभंकर मोरवीर, थीम-सांग और मशाल के साथ प्रदेशभर में घूम-घूमकर यह लोगों को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की जानकारी देगी।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय से मशाल गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव का विषय है कि देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ को मिली है। उन्होंने इसके लिए भारत सरकार तथा केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री मनसुख




मांडविया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अगले माह फरवरी में होने वाले इस आयोजन के बारे में लोगों को जानकारी देने आज मशाल गौरव यात्रा को रवाना किया गया है। खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इनमें हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, तैराकी, कुश्ती, एथलेटिक्स और वेट-लिफ्टिंग शामिल हैं। इन खेलों में छत्तीसगढ़ की ओर से भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए आगामी 7 जनवरी और 8 जनवरी को ट्रायल का आयोजन किया गया है। बिलासपुर स्थित स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में तीरंदाजी, तैराकी और एथलेटिक्स के लिए ट्रायल प्रक्रिया आयोजित की गई है। वहीं हॉकी, फुटबॉल, कुश्ती और वेट-लिफ्टिंग के लिए ट्रायल रायपुर के स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम कोटा में होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव द्वारा मशाल गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाए जाने के दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती रश्मि ठाकुर और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

## वर्ष 2026 'महतारी गौरव वर्ष' : मातृशक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तिकरण को समर्पित:सीएम साय

**रायपुर, 2 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नूतन वर्ष 2026 के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम जारी अपने ऑडियो संदेश में सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जो मातृशक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तिकरण को समर्पित रहेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में ÷महतारी÷ का स्थान सर्वोच्च है। नारी शक्ति त्याग, संस्कार, श्रम और नेतृत्व की प्रतीक है। महतारी गौरव वर्ष के माध्यम से समाज के सभी क्षेत्रों में मातृशक्ति के योगदान को राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य ने नक्सल उन्मूलन, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा बुनियादी ढांचा विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ प्राप्त की हैं। इस विकास यात्रा में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महतारी गौरव वर्ष के माध्यम से महिलाएँ आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में और अधिक सशक्त होकर आगे आएँगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति के सहयोग से छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और अधिक गति और सुदृढ़ता के साथ आगे बढ़ेगी।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी सशक्तिकरण को अपने आचरण और जीवन का मूल मंत्र बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी मिलकर वर्ष 2026 को नारी सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास का सशक्त प्रतीक बनाएं। यही नया छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का साझा संकल्प है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी प्रदेशवासियों को नए वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए समृद्धि, शांति और उन्नति की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

# धान खरीदी व्यवस्था का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मुआयना

**रायपुर, 2 जनवरी।** खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में बलरामपुर जिले में कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था का कलेक्टर और एसपी ने आज संयुक्त रूप से विकासखंड कुसमी के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों तथा चेकपोस्टों का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने विकासखंड कुसमी अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र चांदो एवं सामरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक से चर्चा कर टोकन व्यवस्था, अब तक की गई धान खरीदी की मात्रा तथा धान उठाव की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री कटारा ने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में बिचौलियों एवं कोचियों द्वारा धान विक्रय न होने पाए।

कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों में बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता, बारदानों पर स्टेंसिल सही स्थान पर अंकित करने तथा निर्धारित मात्रा में



ही धान भरने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि धान विक्रय के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने धान का शीघ्र उठाव कराने के निर्देश दिए, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने तराजू, नमी मापक यंत्र, बारदाना पंजी एवं खरीदी पंजी की जांच कर उनका समुचित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बैंकर ने धान खरीदी केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अवैध धान परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल का सहयोग लेने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अमटाही एवं कोरोंधा चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया।

## अतिक्रमण मुक्त वन क्षेत्र में किया गया सागौनरोपण

**रायपुर, 2 जनवरी।** राज्य में वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार अतिक्रमण मुक्त वन क्षेत्र में सफल वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री प्रेमकुमार ने विगत शनिवार को कवर्धा परियोजना मंडल के अंतर्गत सिंघारी परिक्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कक्ष क्रमांक 419 में किए गए द्वितीय वर्ष के सागौन वृक्षारोपण का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की और मौके पर उपस्थित अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रबंध संचालक ने वर्ष 2024 में लगभग 12 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए गए करीब 30 हजार सागौन रूटशूट पौधों की बेहतर स्थिति देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र पहले अतिक्रमण से प्रभावित था, जिसे मुक्त कराकर सागौन का वृक्षारोपण किया गया। मात्र दो वर्षों में पौधों की ऊंचाई 2 से 3 मीटर तक पहुंच चुकी है। बिना किसी फेंसिंग के पौधों को सुरक्षित रखने और वृक्षारोपण को सफल बनाने में स्थानीय स्टाफद्वारा किए गए प्रयासों की उन्होंने प्रशंसा करते हुए टीम को बधाई दी। निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक ने वृक्षारोपण के वैज्ञानिक मूल्यांकन और बेहतर प्रबंधन के लिए निर्देश दिए। उन्होंने पूरे क्षेत्र को प्रति 3 हेक्टेयर के सेक्टर में विभाजित करने, प्रत्येक सेक्टर में शत-प्रतिशत गणना सुनिश्चित करने तथा 0.1 हेक्टेयर के सैंपल प्लॉट बनाकर पौधों की औसत ऊंचाई, गोलाई और वृद्धि से संबंधित आंकड़ों का नियमित संकलन करने को कहा। साथ ही प्रत्येक तीन माह में जीवित पौधों की संख्या का आकलन कर वृक्षारोपण पंजिका में दर्ज करने तथा फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के माध्यम से डिजिटल रिकॉर्ड रखने के निर्देश भी दिए गए। गहन निगरानी के उद्देश्य से प्रबंध संचालक ने स्थानीय प्रजाति के बांस की करील से एक हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष परियोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा आगामी रोपण सत्र के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सागौन रूटशूट तैयार करने हेतु केवल स्वस्थ मदर ट्री से बीज और रूटशूट चयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पुराने सागौन वनों के बेहतर प्रबंधन के लिए उन्होंने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में लागू वैज्ञानिक प्रबंधन प्रणालियों और शोध अध्ययनों का अवलोकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शोध के आधार पर प्रबंधन से न केवल वन विकास निगम के राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि व्यावसायिक वानिकी और वन संरक्षण का यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

# कच्ची झोपड़ी से पक्के आशियाने तक भरोसे और सम्मान का नया घर

**रायपुर, 2 जनवरी।** सरकारी योजनाएँ जब ज़मीन पर उतरती हैं, तो वे सिर्फ आँकड़े नहीं बदलतीं, बल्कि ज़िंदगियाँ संवारती हैं। ऐसा ही एक जीवंत उदाहरण जिला बेमेतरा के जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया (एम) के निवासी श्री रेवा राम साहू हैं, जिनके जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व का नया सवेरा लेकर आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने श्री साहू और उनके परिवार को वह पक्का आशियाना दिया, जिसकी उन्होंने वर्षों तक केवल कल्पना ही की थी। यह मकान आज उनके लिए ईंट-पत्थर की संरचना भर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, विश्वास और सुरक्षित भविष्य का प्रतीक बन चुका है। प्रधानमंत्री आवास मिलने से पहले श्री रेवा राम साहू अपने परिवार के साथ एक अत्यंत जर्जर कच्चे मकान में रहने को विवश थे। बरसात के मौसम में छत से टपकता पानी, दीवारों में सीलन और सांप-बिच्छुओं का डर बना रहता था। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनवाना उनके लिए एक दूर का सपना था। ऐसे कठिन समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में आशा की मजबूत नींव बनकर सामने आई। जैसे ही पहली किस्त की राशि बैंक खाते में प्राप्त हुई, उन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ किया। शासन की पारदर्शी प्रक्रिया और समयबद्ध सहायता से आज उनका पक्का मकान पूर्ण रूप से तैयार है। आज श्री साहू का परिवार एक मजबूत और सुरक्षित पक्के मकान में रह रहा है। यह घर उनके लिए स्थायित्व, शांति और आत्मविश्वास का आधार बन गया है। श्री रेवा राम साहू कहते हैं कि यह सिर्फएक घर नहीं है, यह हमारे सपनों और आत्मसम्मान की छत है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने मेरे पूरे परिवार का जीवन बदल दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जनकल्याणकारी सोच के कारण ही गरीब परिवारों को सुरक्षित आवास का सपना साकार हो पा रहा है।

# छत्तीसगढ़ को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगात

**रायपुर, 2 जनवरी।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए 664 करोड़ 67 लाख रुपए मंजूर किए हैं। सीआरआईएफ से प्राप्त होने वाली इस राशि से राज्य के पांच जिलों में करीब 174 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आज राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा भारत सरकार को चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के प्रस्ताव भेजे गए थे। इन्हें मंजूर करते हुए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मुंगेली जिले के कोटा-लोरमी-पंडरिया मार्ग के 21 किमी भाग में फोरलेन के निर्माण और मजबूतीकरण के लिए 156 करोड़ 33 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। कांकेर जिले में कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग की 48.4 किमी टू-लेन विद्यमान सतह के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 130 करोड़ 63 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

केंद्र सरकार द्वारा सीआरआईएफ से सुकमा से दंतेवाड़ा मार्ग के 68 किमी लंबाई में टू-लेन सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 230 करोड़ 85 लाख रुपए तथा गरियाबंद जिले में राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग में 35.5 किमी लंबाई में सड़क की मजबूती और उन्नयन के लिए 146 करोड़ 86 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इन महत्वपूर्ण मार्गों के विकास एवं उन्नयन से इन जिलों में राज्यीय राजमार्ग तथा मुख्य जिला मार्ग अच्छी होंगी और आवागमन बेहतर होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। इस राशि से मुंगेली, कांकेर, सुकमा, दंतेवाड़ा और गरियाबंद जैसे दूरवर्ती जिलों में सड़कों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन होगा। इससे राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और मैदानी इलाकों में परिवहन बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हुई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी द्वारा प्रदेश के लिए स्वीकृत इन परियोजनाओं से राज्य के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये सड़कें बेहतर कनेक्टिविटी, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था और क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएँगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इन परियोजनाओं से बस्तर संभाग के दुर्गम और आंतरिक क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे स्थानीय जनता, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा आपातकालीन सेवाओं को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क नेटवर्क मजबूत होने से पर्यटन, औद्योगिक गतिविधियों और स्थानीय बाजारों तक पहुँच और सरल होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे सहयोग और स्वीकृतियों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों तथा अन्य महत्वपूर्ण सड़कों का तेज़ी से विस्तार हो रहा है। डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से छत्तीसगढ़ आज प्रगति पथ पर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। राज्य में अधोसंरचना विकास, कनेक्टिविटी, निवेश और रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं, जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों तक पहुँच रहा है।वहीं उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने विभाग के प्रस्ताव पर सड़कों के विकास एवं उन्नयन के लिए राज्य को मिली राशि के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। राज्य में नई सड़कों के निर्माण और विद्यमान सड़कों की मजबूती व उन्नयन के लिए विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों में 8092 करोड़ रुपए की नवीन स्वीकृति जारी की गई है। लोक निर्माण विभाग इन सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


**पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण बाबत् आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने पत्र File No: IA-J-11011/308/2023-IA-II(IND-I) ईसी पहचान पत्र क्रमांक EC24A1003CG5253993N दिनांक 07/12/2024 द्वारा मेसर्स ओम स्पंज के नाम से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को ईसी पहचान पत्र क्रमांक EC25A1003CG5392034T Dated 31/12/2025 द्वारा हस्तांतरण कर मेसर्स हिन्दुस्तान धातु लिमिटेड के नाम पर कर दिया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in.) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा मुख्यालय नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थानः- रायपुर**
**दिनांकः- 01/01/2026**

**मेसर्स हिन्दुस्तान धातु लिमिटेड**
ग्राम-मुरैठी, तहसील-धरसींवा,
जिला-रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Phone&Fax No. 07700251887 E-mail-cmonagri@gmail.com

क्र./2229/नपं/लो.स्वा./2025-26 नगरी दिनांक 02/01/2026

**//रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत सार्वजनिक प्रसाधन के संचालन/संधारण हेतु ऑफर दर (EOI) सूचना//**

एतद् द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 07 बस स्टैण्ड स्थित 01 सार्वजनिक प्रसाधन को पे एंड यूज के आधार पर संधारण एवं संचालन करने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से स्व सहायता समूह/एन.जी.ओ./अन्य पंजीकृत संस्था से निकाय द्वारा नियत किराया एवं शर्तों का पालन करते हुये ऑफर दर आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक स्व सहायता समूह/एन.जी.ओ./अन्य पंजीकृत संस्था, पंजीयन प्रमाण पत्र, पेन कार्ड एवं 5000.00 रू. की अमानत राशि का एफडी.आर. एवं आवेदन शुल्क 1000.00 रू रसीद/डी.डी. के माध्यम से दिनांक 19/01/2026 को 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से मुहरबंद लिफाफा में अपना ऑफर दर प्रस्तुत कर सकतें है। कार्य से संबंधित आवश्यक नियम शर्तों विभागीय वेबसाईड https://uad.cg.gov.in/ एवं नगर पंचायत नगरी के सूचना पटल में अवलोकन की जा सकती है।

**सूचना जानें।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरी**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

## एक नजर

### 1000 करोड़ की जीएसटी व आयकर चोरी का आरोप

■ ननकीराम ने पीएमओ को लिखी चिट्ठी जांच की मांग

**रायपुर, 2 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में जीएसटी और आयकर की कथित बड़े पैमाने पर चोरी का मामला सुर्खियों में है, जिसमें दवा कंपनियों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के गंभीर आरोप लगे हैं। पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ननकीराम कंवर ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत पीएमओ को भेजकर उच्चस्तरीय जांच और आपराधिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में दावा किया गया है कि जीएसटी विभाग और ड्रग कंट्रोल विभाग के कुछ अधिकारी चुनिंदा नामचीन दवा कंपनियों के साथ मिलकर फर्जी अस्पताल सप्लाई के नाम पर दवाइयां बाजार में खपवा रहे हैं। कंवर के अनुसार, इस सोची-समझी साजिश के जरिए अब तक 1000 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी और आयकर चोरी की जा चुकी है, जबकि वास्तविक घोटाला अरबों में पहुंच सकता है।

### कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक गंभीर

**रायपुर, 2 जनवरी।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड पर नए साल के दिन बड़ा हादसा हो गया। श्रीराम मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, इसके बाद अनियंत्रित होकर एक स्विफ्ट कार से जा भिड़ी। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल भेजा गया।

### रेलवे अधिकारी पर आदिवासी महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार का आरोप

**रायपुर, 2 जनवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा महिला कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है. मुख्य आरक्षण कार्यालय में पदस्थ एक आदिवासी महिला कर्मचारी ने सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश त्रिवेदी पर सार्वजनिक रूप से अपमानित करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है. क्या है पूरा मामला? शिकायतकर्ता महिला कर्मचारी, कल्पना कृष्णा स्वामी पुल्लेवार के अनुसार घटना 31 दिसंबर 2025 की शाम करीब 3:30 से 4:00 बजे के बीच की है. महिला कर्मचारी अपने प्रमोशन की फाइल के संबंध में जानकारी लेने मंडल कार्यालय गई थीं. जब उन्होंने विनम्रतापूर्वक सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी से फोन पर फाइल को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया, तो अधिकारी कथित तौर पर भड़क गए. शिकायत में उल्लेख किया गया है कि सीनियर डीसीएम ने आवेश में आकर चिल्लाते हुए महिला कर्मचारी को धमकाया. महिला का आरोप है कि अधिकारी ने उनसे कहा, ﬂतुम मुझे नहीं जानती कि मैं कौन हूँ, मैं तुम्हारा सीनियर डीसीएम हूं.ﬂ शिकायत के मुताबिक, विवाद यहीं नहीं थमा. अधिकारी ने कथित तौर पर एसीएम चेंबर में 6-7 कर्मचारियों के सामने और फिर दफ्तर के गेट के बाहर सभी स्टाफके समक्ष महिला को दोबारा अपमानित किया.

# डिप्टी सीएम पर बघेल की टिप्पणी से समाज नाराज

## 10 दिन में माफी नहीं मांगी तो आंदोलन


**रायपुर, 2 जनवरी।** रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक टिप्पणी ने सियासी और सामाजिक माहौल गरमा दिया है। प्रदेश के मौजूदा उप मुख्यमंत्री अरुण साव पर की गई टिप्पणी के बाद छत्तीसगढ़ साहू समाज भूपेश बघेल के खिलाफ मुखर हो गया है। समाज ने सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

साहू समाज का कहना है कि यह कदम पूर्व मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाने के लिए उठाया जा रहा है। यह ज्ञापन डिप्टी सीएम अरुण साव पर की गई टिप्पणी के विरोध में दिया जाएगा।

साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीरेन्द्र साहू ने ऐलान किया है कि 5 जनवरी को इस पूरे मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। इसके लिए सभी जिलाध्यक्षों को पत्र जारी कर दिए गए हैं। समाज ने साफचेतावनी दी है कि यदि भूपेश बघेल 10 दिनों के भीतर माफी नहीं मांगते और अपना बयान वापस नहीं लेते हैं, तो साहू समाज आंदोलन करने पर मजबूर होगा। साहू समाज का कहना है कि उनके गौरव और समाज के प्रतिनिधि डिप्टी ष्टरूअरुण साव के खिलाफकी गई टिप्पणी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### क्या है पूरा मामला?

गौरतलब है कि हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री




भूपेश बघेल ने बिलासपुर के लिंगियाडीह में बीते 37 दिनों से चल रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव पर तीखा हमला बोला था।

लिंगियाडीह बस्ती तोड़कर बनाए जा रहे गार्डन को लेकर भूपेश बघेल ने कहा था कि क्या मुख्यमंत्री अपनी पत्नी के साथ वहां घूमने आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने उप मुख्यमंत्री अरुण साव की तुलना बंदर से करते हुए कहा था कि दो साल में सिर्फ 950 मीटर सड़क ही बन सकी है और किसी भी मामले में काम नहीं हो पा रहा है।

भूपेश बघेल ने आंदोलन कर रहे लोगों से डटे रहने की अपील करते हुए कहा था कि कोई उनका नुकसान नहीं कर पाएगा। इसी बयान के बाद से साहू समाज आक्रोशित है और भूपेश बघेल के खिलाफकार्रवाई की मांग कर रहा है।

### चुनावी झटके से विचलित होकर दे रहे हैं ऐसे विवादित बयान : टंकराम

**रायपुर, 2 जनवरी।** भूपेश बघेल के उप मुख्यमत्री अरुण साव की तुलना बंदर से किए जाने पर मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती.



ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. कांग्रेस चुनावी झटके से विचलित होकर आपस में ही लड़ रही है. इसी वजह से लगातार विवादित बयान सामने आ रहे हैं. इसके साथ मंत्री टंक राम वर्मा ने बजट को लेकर कहा कि अलग-अलग विभागों की जल्द बैठक होगी. 7 जनवरी को विभागीय बजट पर चर्चा प्रस्तावित है. अधोसंरचना की कमी, प्राध्यापक और अध्यापकों की कमी पर विस्तृत चर्चा होगी. इसके साथ शिक्षकों को रोजगार से जोड़ने पर मंथन के साथ बजट में प्रावधान रखने की तैयारी है. कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन नहीं होने पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस में आपसी मारा-मारी और जूतम-पैजार की स्थिति है. कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है. वहीं तमनार में खदान को लेकर किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच आंदोलनकारियों के महिला आरक्षक के कपड़े फाड़े जाने वाली घटना को लेकर उन्होने कहा कि घटना गलत और निंदनीय है. प्रदर्शनकारियों को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है. शांति से अपनी बात रखनी चाहिए. कानून अपना काम कर रहा है, दोषियों पर कार्रवाई होगी.

# एसआईआर पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



■ नेताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की मांग

**रायपुर, 2 जनवरी।** प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए हैं. कांग्रेस ने प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाने का आरोप लगाया है. ऐसे पंचायतों की सूची जारी करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह स्थिति चिंताजनक है.

शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार से मुलाकात की. नेताओं ने बताया कि नए मतदाताओं का नाम नहीं जुड़ पा रहा है. फॉर्म ही नहीं मिला है. नए बूथों में बीएलओ नहीं हैं. इसके साथ इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निर्देश जारी कर ग्राम पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर पर शिविर लगाकर छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं.

कांग्रेस ने पत्र में कहा है कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अनेक पात्र नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है. दस्तावेजों की कमी, जानकारी का अभाव और तकनीकी समस्याओं के चलते अनेक पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर रह गए हैं.

कांग्रेस ने यह भी उल्लेख किया है कि खेती का मौसम समाप्त होते ही बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में चले जाते हैं, जिससे वे एसआईआर प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए. इसके अलावा बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सलवा-जुडूम के दौरान विस्थापित हुए आदिवासी परिवारों के नाम भी बड़ी संख्या में छूटने की बात कही गई है.

## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 2 जनवरी।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर को चार ई-रिक्शे प्रदान किए। उन्होंने लोकभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से चार ई-रिक्शे की चाबी वाहन चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।

# नाइट शिफ्ट करने वाली महिला कर्मियों की सुरक्षा नियोक्ताओं को सुनिश्चित करनी होगी

**रायपुर, 2 जनवरी।** छत्तीसगढ़ श्रम विभाग ने दुकान एवं स्थापना नियमों में संशोधन कर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए नाइट ड्यूटी संबंधी नई शर्तें लागू की हैं। अब रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक महिलाओं को नियोजित करने वाले नियोजकों को सुरक्षा, परिवहन और बुनियादी सुविधाओं की अनिवार्य व्यवस्था करनी होगी। एक श्रम कानून विशेषज्ञ के नजरिए से यह बदलाव कार्यस्थल पर लैंगिक सुरक्षा, पोश एक्ट 2013 के पालन और संगठित-असंगठित दोनों सेक्टरों में सुरक्षित नाइट शिफ्ट संस्कृति बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

**नाइट शिफ्ट में महिला सुरक्षा के नए नियम:** रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक महिला कर्मकारों को केवल तय शर्तों के पालन पर ही नाइट ड्यूटी में लगाया जा सकेगा। नाइट शिफ्ट के बाद महिला कर्मचारी को कार्यस्थल से उसके घर तक पहुँचाने के लिए पुलिस सत्यापित वाहन और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था अनिवार्य होगी। वाहन, चालक और सुरक्षा गार्ड का पूरा विवरण नियोजक के रिकॉर्ड में सुरक्षित रखना होगा, ताकि किसी विवाद या घटना की स्थिति में ट्रेसबिलिटी बनी रहे। नाइट शिफ्ट में कम से कम 3 महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना अनिवार्य किया गया है, ताकि अकेली महिला को अलग-थलग न छोड़ा जाए।

### कार्यस्थल की अनिवार्य सुविधाएं और कानूनी अनुपालन

कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए अलग शौचालय व मूत्रालय की व्यवस्था होगी, जिसमें केवल अंदर से लगने वाली सुरक्षा सिटकनी रहेगी। पेयजल, विश्राम कक्ष और पर्याप्त रोशनी व हवा जैसी बुनियादी सुविधाएँ उसी परिसर में उपलब्ध कराना नियोजक की जिम्मेदारी होगी। क्कह्रस्॥ अधिनियम 2013 के सभी प्रावधानों का पालन अनिवार्य है, और महिला कर्मकारों के लिए शिकायत पेटी भी लगानी होगी। मातृत्व हितलाभ अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफकिसी ठेकेदार के माध्यम से महिला का नियोजन नहीं किया जा सकेगा।

# शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय रोवर, रेंजर जंबूरी की समीक्षा की

**रायपुर, 2 जनवरी।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने ग्राम दूधली, जिला बालोद में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवरङ्करेंजर जंबूरी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सहभागिता तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर गहन चर्चा की गई।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि जंबूरी का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। पाँच दिवसीय इस राष्ट्रीय जंबूरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड, रैली, डॉग शो, बैंड प्रदर्शन, रक्तदान शिविर, युवा सांसद कार्यक्रम, एडवेंचर गेम्स तथा छत्तीसगढ़ डे जैसे विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता प्रस्तावित है।

पूरे भारत के लगभग 45 राज्यों से दस हजार से अधिक रोवरङ्करेंजर इस जंबूरी में भाग लेंगे। साथ ही श्रीलंका, भूटान एवं नेपाल से भी युवा प्रतिभागियों के आने की



संभावना है। गजेंद्र यादव ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं प्रभारीजनों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जंबूरी भ्रमण कार्यक्रम में आसपास के जिलों के स्कूली विद्यार्थियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही पूरे परिसर में स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, चिकित्सा एवं भोजन की समुचित एवं व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

इस समीक्षा बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव श्री जितेंद्र साहू, जिला मुख्य आयुक्त बालोद राकेश यादव, जिला आयुक्त श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद सुनील तिवारी सहित अशोक देशमुख, बीना यादव, सरिता पांडे, पूनम सिंह, अमित क्षत्रीय, भूपेंद्र शर्मा, अमर मोदी, मिलन सिंहा, विजय यादव, डी.के. पुरोहित, आनंद राम बघेल, शत्रोहन साहू, मितेन गणवीर, हेमंत देवांगन, हेमंत शर्मा, संजय मानिकपुरी, हेमधर साहू, राजीव तिवारी, अवधेश विश्वकर्मा, उत्तरा मानिकपुरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंघौरी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**रायपुर, 2 जनवरी।** ग्राम शिव-गौरी धाम सिंघौरी में स्थित माँ दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित द्वितीय वर्ष श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन दिनांक 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी श्रद्धा भाव से सम्मिलित हुए और कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस सात दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन में कथा व्यास के रूप में नवापारा देवरबीजा निवासी परम पूज्य पूरामणि महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपूर्ण व प्रेरणादायक वाचन किया। उनके मुखारविंद से निकली कथा ने श्रोताओं को भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, सुदामा और गोवर्धन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे इस आयोजन का मार्गदर्शन एवं संरक्षण श्री सुशील पुरी गोस्वामी जी द्वारा किया गया।

वहीं मुख्य शुशील पुरी गोस्वामी जी यजमान के रूप में सरपंच श्रीमती श्यामा संजय यदु एवं श्री संजय यदु (सरपंच) ने धार्मिक कर्तव्यों का विधिवत निर्वहन किया। आयोजन में भूषण यदु (लक्की डेयरी, देवरबीजा), केशकाल साहू, बलदाऊ साहू (पूर्व सरपंच), पंचु साहू, दुर्गा साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी



संख्या में ग्रामवासी, महिला-पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्था की गई, जिसकी सभी ने सराहना की इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला महायज्ञ है। ऐसे आयोजनों से ग्रामों में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक चेतना सुदृढ़ होती है।

उन्होंने आयोजन समिति, कथा व्यास एवं समस्त ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि धर्म, संस्कृति और परंपरा से जुड़कर ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है कथा के समापन अवसर पर पूर्णाहुति, हवन एवं महाआरती के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण से ग्राम, क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की समस्त ग्रामवासी शिव-गौरी धाम सिंघौरी, जनप्रतिनिधिगण, आयोजन समिति के सदस्य, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**कार्रवाई** | निगम ने की 31 दिसम्बर तक लक्ष्य के विरुद्ध 100 करोड़ टैक्स की वसूली

# लिटिल फ्लावर स्कूल पर 2.1 व सीएसपीडीसएल पर सवा करोड़ बकाया

**रायपुर, 2 जनवरी।** निगम आयुक्त विश्वदीप ने वर्ष 2026 में टैक्स वसूली का लक्ष्य 400 करोड़ दे दिया है. इसके एवज में नगर निगम का राजस्व अमला 31 दिसंबर तक की स्थिति में लगभग 100 करोड़ रुपये की वसूली कर चुका है. अब मार्च के अंत तक शेष 300 करोड़ की वसूली के लिए निगम का राजस्व विभाग बड़े बकायादारों को डिमांड नोट जारी कर रहा है. इनमें निजी स्कूल प्रबंधन भी शामिल है. इन्हीं में से पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के लिटिल फ्लावर स्कूल को जोन-5 कमिश्नरी ने अंतिम डिमांड नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर टैक्स जमा करने अल्टीमेटम दे दिया है. वहीं छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) को भी तीन सबस्टेशन का टैक्स पटाने 1 करोड़ 11 लाख रुपये का नोटिस जारी कर दिया है. डीडीनगर के उक्त स्कूल पर वर्ष 2016-17 से अब तक का 2 करोड़ 1 लाख 19 हजार 159 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है.

जोन के सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव ने बताया कि जोन अंतर्गत ऐसे लगभग




10 निजी स्कूल हैं, अगर ये शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) के तहत शासन द्वारा तय की संख्या के अनुसार गरीब बच्चों को अपने स्कूल में एडमिशन दिये हैं तो उन्हें टैक्स में 50 प्रतिशत छूट का लाभदिया जाएगा. श्री जाधव ने बताया कि इस स्कूल का सर्वे जीआईएस सिस्टम से करने के बाद बाकायदा टैक्स तय करके इस पर दावा-आपत्ति बुलाई गई थी.

### 6 में से सिर्फ 3 सबस्टेशन का टैक्स

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी से प्रॉपर्टी टैक्स पर सहायक राजस्व अधिकारी जाधव ने कहा कि जोन-5 अंतर्गत बिजली सप्लाई के 6 सबस्टेशन हैं. इनमें से तीन का टैक्स कंपनी जमा करती है और शेष तीन में से डीडीनगर सबस्टेशन का वर्ष 2000 और ईदगाहभाठा सबस्टेशन का 2009-10 और भाठागांव वालफोर्ट के पीछे सबस्टेशन का 2004-05 से बकाया है. इनमें डीडीनगर का सबसे अधिक 1 करोड़ 11 लाख, भाठागांव का 14 लाख 50 हजार और ईदगाहभाठा का 27 लाख 90 हजार रुपये का टैक्स विद्युत कंपनी को देना होगा.

### ब्याज माफी पर चल रही खींचतान

प्रॉपर्टी टैक्स के बकाया में व्याज की रकम माफ करने को लेकर निगम और विद्युत वितरण कंपनी में खींचतान चल रही है. निगम के अधिकारियों ने कहा कि निगम से भी समय पर बिजली बिल नहीं पटाये जाने पर कंपनी अधिभार के साथ शुल्क लेती है. ऐसी स्थिति में टैक्स में देरी पर जुड़ने वाले ब्याज को छोड़ना संभव नहीं होगा.

### आयकर अधिनियम में पंजीकृत को माफी

सहायक राजस्व अधिकारी जाधव ने बताया कि अभी आयकर अधिनियम की धारा 1961 के 12 ए में यदि कोई शैक्षणिक संस्था पंजीबद्ध है तो उसे प्रॉपर्टी टैक्स में संपूर्ण छूट दी जा रही है, जो राजस्व कलेक्शन के हिसाब से उचित नहीं है. क्योंकि इसका फायदा बड़े निजी शैक्षणिक संस्थान उठाने लगे हैं. वहीं अगर कोई स्कूल पंजीकृत नहीं है लेकिन शिक्षा का अधिकार कानून के तहत बच्चों को लाभ देते हैं उन्हें 50 फीसदी छूट का प्रावधान दिया गया है. उन्होंने बताया कि बड़े स्कूल 12 ए में रजिस्ट्रेशन का फायदा उठा रहे हैं. यही संस्थान बच्चों से शुल्क के नाम पर प्रति वर्ष 8 प्रतिशत अतिरिक्त बढ़ोत्तरी भी करते हैं.

# केवायसी का बहाना बनाकर सरकार 32 लाख कार्डधारियों को राशन नहीं दे रही : कांग्रेस

रायपुर, 2 जनवरी। सरकार दो माह से 32 लाख उपभोक्ताओं को राशन नहीं दे रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह सरकार का जनविरोधी कदम है, सरकार नहीं चाहती कि सभी को राशन देना पड़े, इसलिए केवायसी का बहाना कर राशन वितरण रोक दिया गया है। सरकार बनने के बाद सभी राशन कार्ड नए सिरे से बनाए गए थे उनमें मुख्यमंत्री अपनी फोटो छपवाए थे, जब डेढ़ साल पहले राशन कार्ड बनाए गए, बनाते समय भी आधार कार्ड लिया गया था फिर उनको अचानक क्यों रद्द किया जा रहा है। सरकार केवायसी अपडेट का बहाना बनाकर 32 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में तो एपीएल और बीपीएल सभी का, चपरासी से लेकर कलेक्टर, आम जनता और मजदूर से लेकर मालगुजार तक सभी के राशन कार्ड बनाये थे। कांग्रेस की सरकार के दौरान पीडीएस की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पूरे देश में चर्चित थी, 81 लाख परिवार का राशन कार्ड बनाया गया स्थानीय निकाय ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निगमों में सामान्य सभा में सूची प्रकाशित करके दावा आपत्ति मंगाने के बाद अनुमोदन के आधार पर राशन कार्ड जारी किए गए। 2023 में भाजपा की सरकार आने के बाद फिर से एक बार 81 लाख राशन कार्डों को निरस्त कर जनता को नए कार्ड बनवाने लाइन पर लगा दिया। आज भी 32 लाख से ज्यादा परिवार केवाईसी के बिना राशन कार्ड के लिए भटक रहे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आम जनता को भोजन का अधिकार मनमोहनसिंह के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकारों ने दिया, भाजपा की सरकारों में केवल भ्रष्टाचार हुए। आज भी छत्तीसगढ़ में 3 महीने के राशन के नाम पर केवल अंगूठा लगवाए जा रहे हैं नगदी लेनदेन कर पीडीएस का चावल खुले बाजारों में बेचे जा रहे हैं, छत्तीसगढ़ के पीडीएस का राशन आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में बेचे जा रहे है। आदिवासी क्षेत्रों में नमक और चना की आपूर्ति केवल कागजों पर है। भाजपा सरकार के संरक्षण में आम जनता के हक और अधिकार के पीडीएस का राशन बिचौलियों और कालाबाजारी करने वालों के गोदामों में पहुंच रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26